
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



तमन्ना गफूर सॉन्ग पर किया ..........

फैमली संग बर्थ-डे.......

वर्ष : 12 | अंक : 86 | लखनऊ, 19 मार्च, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में 4 थर्मल स्टेशनों को उड़ा देंगे

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित 4 बड़े थर्मल पावर स्टेशनों को ड्रोन से हमले की



धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक यह धमकी एक ईमेल के जरिए मिली है, जिसमें इन पावर स्टेशनों को निशाना बनाने की बात कही गई है।

### वंदे भारत पर पत्थरबाजी करने वाले गिरफ्तार


नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में खुलासा करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के



मुजफ्फरनगर में पत्थरबाजी की घटना में हाई-रेजोल्यूशन कैमरों और एआई की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। कैमरे में रिकॉर्ड छोटी सी तस्वीर और एआई तकनीक से पकड़ने में हम कामयाब रहे। हमें उस घर तक पहुंचने में मदद मिली जहां वह था।

### हिमाचल में कर्मचारी जींस-टीशर्ट न पहनें

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड



और सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकारी कर्मचारियों को साफ-सुथरे, औपचारिक कपड़े पहनना अनिवार्य होगा। पुरुषों को शर्ट-पैंट और महिला कर्मचारियों को साड़ी, सूट या अन्य परिधान के निर्देश हैं।

### निरंजन बनीं पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा की नेता साध्वी निरंजन ज्योति को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई



है। उन्हें सरकार की ओर से राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस पर पूर्व सांसद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। ज्योति ने बुधवार को राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष का पद ग्रहण किया।

### फंदे से लटकी वाइस चेयरमैन, गंभीर आरोप

झुंझुनूं। जिले के खेतड़ी कस्बे में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब नगरपालिका की



निवर्तमान वाइस चेयरमैन सुनीता देवी (35 वर्ष) का शव फंदे से लटका मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मामला गंभीर आरोप-प्रत्यारोप में बदल गया। सुनीता को पति गजेंद्र अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

---

### राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# राजनीति में फुलस्टॉप नहीं होता, योगदान अनुभव ही मूल्यवान, नए सांसद सीख लें

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

राज्यसभा से बुधवार को कई सदस्य रिटायर हो गए। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों के संसदीय जीवन और कार्यकाल को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। विदाई भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। सदन के अंदर चर्चाओं में हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लकुछ सांसद फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। जो सदन में नहीं आएंगे, उनके लिए मैं कहूंगा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं होता, उनका योगदान हमेशा देश के लिए मूल्यवान रहेगा। दलीय सीमाओं से ऊपर सभी सम्मान करना और अनुभव साझा करना ही लोकतंत्र की असली ताकत है।

### सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती देने वाला बताते हुए प्रशंसा की

**59 सांसदों को विदाई दी इसके साथ ही उनके कार्यों को सराहा भी**



#### उपसभापति हरिवंश की सराहना की

प्रधानमंत्री ने रउपसभापति हरिवंश नारायण सिंह की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि हरिवंश ने सदन की कार्यवाही को शांत और संतुलित तरीके से संचालित किया, मेहनती हैं और देशभर की यात्राओं के माध्यम से अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाया। भाषण का समापन संसद की गरिमा बनाए रखने और प्रेरणा पर जोर रहा।

#### पूर्व पीएम देवगौड़ा की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में वरिष्ठ नेताओं के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने एचडी देवेगौड़ा, मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा संसदीय सेवा में समर्पित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि नए सांसदों को उनसे सीखना चाहिए।

### राधाकृष्णन ने भी किया संबोधित | सेवानिवृत्ति अंत नहीं, यह नई जिम्मेदारियों की शुरुआत

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति को अंत नहीं, बल्कि नई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए।



सभापति ने कहा एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं, जिससे सदन की कार्यप्रणाली में निरंतरता बनी रहती है।

#### हरिवंश, देवेगौड़ा और खरगे के योगदान को अहम बताया


सभापति ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों और ग्रामीण भारत से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाया। उनके अनुभव और किसानों एवं ग्रामीण समुदायों के प्रति प्रतिबद्धता ने चर्चाओं को समृद्ध किया। इस दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की भूमिका को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया।

**सदस्यों के स्वस्थ सुखद और सफल भविष्य की कामना** — उन्होंने तमिल के एक भावपूर्ण वाक्य का उल्लेख करते हुए कहा कि अच्छे कार्य समय के बाद भी जीवित रहते हैं। सदस्यों की स्वस्थता की कामना की।

#### देवेगौड़ा पर खरगे का तंज

### मोहब्बत हमसे, शादी उनसे... राज्यसभा में लगे ठहाके प्रधानमंत्री भी मुस्कुराए

सांसदों की विदाई के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने मजाकिया अंदाज से सबको लोटपोट कर दिया। उन्होंने पूर्व



प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले पर ऐसी बातें कही कि प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। खरगे ने देवेगौड़ा पर तंज कसते हुए कहा कि मैं देवेगौड़ा को 54 वर्षों से जानता हूं। उनके साथ ही मैंने काम किया। उन्होंने प्रेम हमारे साथ किया, मोहब्बत हमारे साथ किया और शादी मोदी साहब के साथ कर ली। ये जल्दी ही हुआ कैसे हुआ मुझे मालूम नहीं। खरगे की इस बात पर पीएम मोदी सहित पूरा सदन ठहाकों से गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने हंसते हुए कहा कि अठावले अपनी कविताओं में हमेशा पीएम मोदी की तारीफ करते हैं। लगता है कि अठावले को मोदी जी की तारीफ के अलावा कोई और कविता आती ही नहीं है। जिससे सदस्यों के बीच फिर से हंसी की लहर दौड़ गई।


#### शरद पवार के वापस आने पर जताई खुशी

खरगे ने शरद पवार के सदन में वापस आने पर खुशी जताई। साथ ही उन्होंने दिग्विजय सिंह, केटीएस तुलसी और अभिषेक मनु सिंघवी के योगदान की भी सराहना की।

---

### लोकसभा से 8 सांसदों का निलंबन रद्द

# राहुल ने सांसदों से की मुलाकात निरस्तीकरण पर किया मंथन



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस सांसदों से मुलाकात की। यह वे सांसद हैं जिनका निलंबन मंगलवार को रद्द किया गया था। उन्होंने नई दिल्ली में उनके साथ चाय और कॉफी साझा की। यह अनौपचारिक बैठक केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से सदन में पेश किए गए प्रस्ताव के बाद 8 कांग्रेस सांसदों का निलंबन वापस लेने के एक दिन बाद हुई। यह निरस्तीकरण बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस के कुछ सदस्यों के आचरण पर कांग्रेस नेतृत्व की ओर से खेद व्यक्त करने के बाद हुआ। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने फैसले के बाद सांसदों से बातचीत की। इसके साथ ही निलंबन और उसके निरस्तीकरण से संबंधित घटनाक्रमों पर चर्चा की।

#### 3 फरवरी को किया था निलंबित

निलंबित सांसदों में अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, सी. किरण कुमार रेड्डी, प्रशांत यदाओराव पाडोले, एस. वेंकटेश और डीन कुरियाकोस शामिल हैं, ये कांग्रेस से संबंधित हैं। लोकसभा में तीखी बहस के दौरान कार्यवाही में बाधा डालने और अध्यक्ष की ओर कागज फेंकने के आरोपों के बाद 8 सांसदों को 3 फरवरी को निलंबित कर दिया गया था।

#### प्रियंका संग गडकरी से राहुल ने की मुलाकात

### बस और ट्रक बॉडी निर्माताओं की चुनौतियां बताईं



राहुल गांधी ने अपनी बहन और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। बैठक में राजस्थान के ट्रक एवं बस बॉडी बिल्डर इकाई के प्रतिनिधि भी शामिल थे। राहुल ने गडकरी के सामने बस एवं ट्रक बॉडी निर्माताओं की चुनौतियों को सामने रखा।

---

**कुल कोच में करीब 70 प्रतिशत जनरल और स्लीपर**

# भारतीय रेलवे में बढ़े नॉन-एसी कोच 45 प्रतिशत तक सब्सिडी भी मिल रही

### भारतीय रेलवे यात्रियों को किफायती यात्रा उपलब्ध कराई जा रही

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे यात्रियों को किफायती यात्रा उपलब्ध कराने नॉन-एसी जनरल और स्लीपर कोच की संख्या बढ़ा रहा है। सरकार ने बताया कि किराए को कम रखने के लिए प्रति यात्री औसतन करीब 45 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। कुल कोचों में करीब 70 प्रतिशत जनरल और स्लीपर क्लास के हैं।2024-25 में लगभग 1,250 नए जनरल कोच जोड़े गए हैं और 2025-26 में करीब 860 और कोच जोड़े जाने की योजना है।

#### रेलवे 60,000 करोड़ की सब्सिडी दे रहा



रेलवे हर साल यात्रियों को करीब 60,000 करोड़ की सब्सिडी देता है। मुंबई जैसे उपनगरीय इलाकों के लिए करीब 3,000 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। माल ढुलाई में भी बड़ा इजाफा हुआ है।

#### 99 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा बिजली से चल रहा

उन्होंने कहा कि रेलवे का विद्युतीकरण तेजी से बढ़ा है और अब लगभग 47,000 किलोमीटर ट्रैक इलेक्ट्रिफाई हो चुका है, यानी नेटवर्क का 99 फीसदी त से ज्यादा हिस्सा बिजली से चल रहा है। ट्रैक निर्माण में भी तेजी आई है। अब यह बढ़कर करीब 35,000 किमी हो गया है।

#### ज्यादा सुरक्षित कोच की संख्या बढ़ाई

रेल मंत्री ने बताया कि सुरक्षा के तहत ट्रैक और ट्रेन की मेंटेनेंस, नई तकनीक और कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर खास ध्यान दिया जा रहा है। ज्यादा सुरक्षित कोच की संख्या तेजी से बढ़ी है और करीब 48,000 कोच जोड़े गए हैं। इंजन की संख्या करीब 12,000 तक पहुंच गई है। माल ढुलाई डिब्बे की संख्या 2 लाख से ज्यादा है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में भी तेजी से काम हुआ।

---

### देश में 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव की तैयारी

**असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु बंगाल में चुनाव**

# हिंसा-मुक्त और निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग ने 25 लाख कर्मी तैनात किए

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

देश में आगामी विधानसभा चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने व्यापक तैयारियां



की हैं। 5 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने 25 लाख से अधिक अधिकारियों और कर्मियों को तैनात किया है।

तैनात कर्मियों में करीब 15 लाख मतदान कर्मी, 8.5 लाख सुरक्षा बल, 40 हजार मतगणना कर्मी, 49 हजार सूक्ष्म पर्यवेक्षक और 21 हजार सेक्टर अधिकारी शामिल हैं। मतगणना के लिए 15 हजार सूक्ष्म पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं।

#### चुनाव में 17.4 करोड़ मतदाता

ईसीआई ने बताया कि चुनावों में 17.4 करोड़ से अधिक मतदाता हिस्सा लेंगे। ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अधिकारी कार्य करें। चुनाव हिंसा और प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए, ताकि बिना भय और दबाव के अपने मताधिकार का उपयोग कर सके। चुनाव की निगरानी के लिए 832 विधानसभा क्षेत्रों में 1,111 केंद्रीय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। इनमें 557 सामान्य पर्यवेक्षक, 188 पुलिस पर्यवेक्षक और 366 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों और आम जनता से सीधे संपर्क कर उनकी शिकायतों का समाधान करेंगे।

---

### कंटेंट पर कड़े नियंत्रण की तैयारी कर रही केंद्र सरकार

# सोशल मीडिया पर अन-सोशल हुए तो ब्लॉक को होंगे प्राप्त

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केंद्र सरकार सोशल मीडिया पर बढ़ते भ्रामक और खासकर एआई से तैयार किए गए गलत कंटेंट को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाने की



तैयारी में है। इसके तहत सरकार गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों को सीधे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट ब्लॉक करने का अधिकार देने पर विचार कर रही है। फिलहाल सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69(ए) के तहत यह अधिकार केवल आईटी मंत्रालय के पास है। लेकिन अब इस दायरे को बढ़ाने के लिए आवश्यक संशोधन लाने की तैयारी की जा रही है। इस प्रस्ताव के लागू होने पर इंस्टाग्राम, फेसबुक, और यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स को विभिन्न सरकारी एजेंसियों से सीधे कंटेंट हटाने या ब्लॉक करने के आदेश मिल सकते हैं। इससे सोशल मीडिया पर निगरानी और नियंत्रण और सख्त हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि इंटरनेट पर एआई-जनित भ्रामक जानकारी तेजी से फैल रही है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा, कूटनीति और वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा बन सकती है। भविष्य में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसे नियामक संस्थानों को भी सीधे टेक कंपनियों को कंटेंट हटाने के निर्देश देने का अधिकार दिया जा सकता है। सेबी लंबे समय से सोशल मीडिया पर फाइनेंशियल इन्फ्लुएंसर्स द्वारा गलत जानकारी फैलाने के मुद्दे को उठा रहा है। वर्तमान में भारत में कंटेंट ब्लॉक करने के दो समानांतर तंत्र मौजूद हैं। इस कदम को सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और भ्रामक कंटेंट पर लगाम लगाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर बहस भी तेज हो सकती है।

#### अभी ये है व्यवस्था

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69 (ए) के तहत ऐसे कंटेंट को हटाया जाता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन करता हो या भारत की विदेश नीति के लिए खतरा बनता हो। विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों में नियुक्त नोडल अधिकारी ऐसे कंटेंट की पहचान कर उसे आईटी मंत्रालय को भेजते हैं, जो अंतिम स्वीकृति देकर ब्लॉकिंग आदेश जारी करता है। एक अन्य व्यवस्था आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) के तहत काम करती है, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों को सीधे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉकिंग आदेश जारी करने का अधिकार दिया गया है। यह गृह मंत्रालय के नेतृत्व वाले 'सहयोग' पोर्टल के माध्यम से संचालित होती है।

#### नियंत्रण का होगा विकेंद्रीकरण

अब इस व्यवस्था में समानता लाने की कोशिश की जा रही है। जैसे 'सहयोग' पोर्टल के जरिए केंद्र और राज्य की एजेंसियां सीधे सोशल मीडिया कंपनियों को निर्देश भेज सकती हैं, उसी तरह प्रक्रिया को भी विकेंद्रीकृत करने पर विचार हो रहा है।

---

### कहा- जीने में कठिनाई हो रही

# असम सांसद बोरदोलोई कांग्रेस छोड़कर भाजपा में हुए शामिल

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

असम के नगांव से दो बार सांसद रहे और तरुण गोगोई सरकार में पूर्व मंत्री रहे प्रद्युत बोरदोलोई के इस्तीफे को लेकर चले



जोरदार ड्रामे के बाद बुधवार को बोरदोलोई ने असम के अहम चुनावों से पहले औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। बोरदोलोई के शामिल होने की पुष्टि करते हुए सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि पीएम के भारत के लिए विजन से प्रेरित होकर सांसद और अन्य गणमान्य भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं।

#### सहयोगियों को 37 सीटें देंगे: सरमा

असम विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए का सीट शेयरिंग फार्मूला तय हो गया है। 126 विधानसभा में से भाजपा सबसे ज्यादा 89 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं एजीपी 26 और बीपीएफ 11 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। सरमा ने घोषणा की थी कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा 89 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# योगी सरकार के नौ साल सुशासन व विकास के प्रतीक : केशव मौर्य

## कानून व्यवस्था और विकास में आया बड़ा सुधार : ब्रजेश पाठक

**अमन लेखनी समाचार**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विकास और समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर लोक भवन में नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक के विमोचन अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में सुशासन और विकास की नई मिसाल कायम हुई है।

प्रदेश की जनता अब विकास और सुशासन की राजनीति को समझ चुकी है और भ्रम फैलाने वाली राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी। वर्ष 2016-17 का दौर प्रदेश के लोगों को आज भी याद है, जब उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी और प्रदेश की पहचान गुंडागर्दी और माफियाओं के प्रभाव से जुड़ गई थी। उस समय निवेशक भी प्रदेश में आने से कतराते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में समाज के हर वर्ग के साथ अन्याय हुआ और विकास की रफ्तार थम गई थी। उन्होंने जनता से अपील की कि समाजवादी पार्टी के पीडीए की धज्जियां उड़ा दें। 2047 तक भी समाजवादी पार्टी की सरकार नहीं बनने वाली है। 2047 तक विकसित देश बनेगा और विकसित प्रदेश भी बनेगा।

- **2027 में 2017 से भी बड़ी जीत का भरोसा, 2047 तक यूपी विकसित प्रदेश बनेगा**

उप मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि वर्ष 2017 में भाजपा और उसके सहयोगियों ने 325 सीटें जीतकर जो इतिहास रचा था, उसे 2027 के विधानसभा चुनाव में और बड़े बहुमत के साथ दोहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जो लोग दलितों और पिछड़ों की बात कर रहे हैं, वे समय के साथ अपना रुख बदलते रहे हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से भी बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता मिली है। प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाकर भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद पर प्रभावी रोक लगाई गई है। समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की पहचान खराब कानून व्यवस्था और जर्जर बुनियादी ढांचे से होती थी, जबकि आज उत्तर प्रदेश बेहतर सड़कों, एक्सप्रेसवे, निवेश और मजबूत कानून व्यवस्था के कारण देश में नई पहचान बना रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों का तेजी से विस्तार किया गया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि यह ध्यान रखें कि जिन लोगों ने 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को गुंडा स्टेट बनाने का काम किया था, उनको कभी सत्ता में नहीं आने दें।

# युवती ने डेढ़ दर्जन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र की एक युवती ने गाँव के 6 नामजद सहित करीब डेढ़ दर्जन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि मंगलवार रात करीब 7:30 बजे गांव के ही माधव राजपूत, मनीष रावत, अंसल, आजाद, उदयराज, अंकित, नन्हके व अन्य करीब 15 लोग लाठी-डंडों व धारदार हथियारों के साथ उसके घर पर हमला करने पहुंचे। आरोप है कि सभी आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए परिवार पर हमला कर दिया और उसके पिता मोतीलाल व भाई अरविंद व रविंद्र को बेरहमी से पीटा। विरोध करने पर कुछ आरोपियों ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करते हुए जबरदस्ती करने का प्रयास किया। हमले के दौरान परिवार के लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बाद में हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोबाइल की घंटों बातें.. मां की डांट और फिर सन्नाटा: युवक ने फांसी लगाकर दी जान



मृतक अजय फाइल – फोटो



बेटे की मौत पर बिलखते पिता

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। महज मोबाइल पर ज्यादा बात करने को लेकर मां की डांट से आहत 21 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार अजय हरियाणा के गुड़गांव में माली का काम करता था और होली से पहले ही वह घर लौटा था। मोबाइल फोन पर लंबे समय तक बातचीत करने की आदत को लेकर दो दिन पहले उसकी मां केतकी ने उसे डांटा था। इसी बात से नाराज होकर अजय गांव के बाहर बने प्रधानमंत्री आवास में अकेले रहने लगा था। वह पिछले दो दिनों से घर नहीं जा रहा था और इधर-उधर खाना खाकर वहीं सो जाता था। बुधवार दोपहर को जब उसका छोटा भाई विजय उसे बुलाने प्रधानमंत्री आवास पहुंचा, तो अंदर का नजारा देख उसके होश उड़ गए। अजय का शव पंखे के हुक से रस्सी के सहारे लटका हुआ था। यह दृश्य देखते ही विजय चीखता हुआ घर की ओर भागा। शोर सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अजय के परिवार में पिता वीरेंद्र, मां केतकी और भाई विमल व विजय हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी मृतक का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर सीडीआर के आधार पर जांच की जा रही वह किसके संपर्क में था।

# प्रेम जाल में फंसा युवक, हत्या कर पेड़ से लटकाया शव, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**प्रेमिका, भाई और पिता पर हत्या का आरोप, पोस्टमार्टम में हैंगिंग, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक युवती पर अपने ही प्रेमी की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगा है। घटना के करीब साढ़े छह माह बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रेमिका समेत तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम ढिकुन्नी निवासी प्रभू दयाल रैदास ने बताया कि उनका बेटा अशोक कुमार नोएडा में ट्रैक्टर चालक था और वह बीते एक सितंबर को घर आया था। अगले दिन वह महिमा खेड़ा मजरा मुड़ियारा जाने की बात कहकर निकला, जिसके बाद उसका शव तीन सितंबर को गांव के बाहर आम के पेड़ से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि अशोक को उसकी प्रेमिका संतोषी उर्फ प्रिया ने मेले में बुलाया और फिर अपने घर ले गई, जहां पहले से मौजूद उसके भाई लालजीत और पिता राजेंद्र कुमार ने मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। बाद में साक्ष्य मिटाने के लिए शव को गांव से करीब 100 मीटर दूर पेड़ पर लटका दिया गया, ताकि मामला आत्महत्या लगे। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिसमें मौत का कारण फांसी बताया गया। हालांकि, मृतक के शरीर पर चोट के निशान और नाखूनों से खून निकलने की बात परिजनों ने उठाई थी और शुरू से ही हत्या की आशंका जताई थी। परिजनों का आरोप है कि उस समय पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अब कोर्ट के निर्देश पर रहीमाबाद पुलिस ने संतोषी उर्फ प्रिया, लालजीत और राजेंद्र कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। कॉल डिटेल समेत सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है, ताकि घटना की सच्चाई सामने लाई जा सके।

# निराला नगर में गूंजा भारतीय नववर्ष का शंखनाद

## उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और डॉ. नीरज सिंह ने किया भव्य दीपयज्ञ का शुभारंभ

**लखनऊ।** भारतीय संस्कृति के संवर्धन और विक्रम संवत 2083 के भव्य स्वागत के निमित्त, 'भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति' द्वारा संचालित जन-जागरण अभियान के तहत बुधवार को सरस्वती कुंज, निराला नगर में एक सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया गया।

मुख्य संयोजक अभिषेक खरे की अगवाई में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नववर्ष केवल कैलेंडर का बदलना नहीं, बल्कि हमारी ऋषि परंपरा और प्रकृति के चक्र का उत्सव है।

आज जब पूरी दुनिया भारतीय मूल्यों की ओर देख रही है, तब यह आवश्यक है कि हम अपनी गौरवशाली विरासत को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहा है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा पर हर सनातनी घर की छत पर भगवा ध्वज शान से लहराए और हर आंगन दीपों की रोशनी से जगमगाए।



- **चैत्र प्रतिपदा पर हर घर भगवा लहराने और दीप जलाने का संकल्प**
- **भारतीय कालगणना ही विश्व की सबसे वैज्ञानिक पद्धति: डॉ. नीरज सिंह**

मुख्य वक्ता और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह ने नववर्ष के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय कालगणना सृष्टि के आरंभ से जुड़ी है और यह पूरी तरह से खगोलीय गणनाओं पर आधारित है। उन्होंने युवाओं से अपनी परंपराओं पर गर्व करने का आह्वान किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार व मुख्य संयोजक अभिषेक खरे के सहयोग से 'मां गायत्री दीपयज्ञ' का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों दीपों की लौ ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और संयोजक अभिषेक खरे ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नई पीढ़ी के भीतर सनातन परंपराओं के प्रति गर्व का भाव जागृत करना है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने कहा कि भारतीय नववर्ष हमारी अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने अपील की कि हर सनातनी इस पावन पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाए। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, कोषाध्यक्ष विमर्श कुमार रस्तोगी, मंत्री संजीव बालाजी श्याम जी अग्रवाल एवं मंत्री उषा अग्रवाल सहित शहर की अनेक गणमान्य विभूतियां शामिल रहीं।

संयोजक अभिषेक खरे ने अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति का लक्ष्य हर घर में दीपावली जैसा उत्साह पैदा करना है ताकि हम अपनी जड़ों से मजबूती से जुड़े रहें।

# तमंचा दिखाकर किया गैंगरेप, जान से मारने की धमकी दी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। महिगवां थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को दो युवक तमंचा दिखाकर उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए। आरोपियों ने नाबालिग के साथ गैंगरेप किया। किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

जानकारी होने पर पीड़िता की मां ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि एक गांव की नाबालिग किशोरी की मां का आरोप है कि मंगलवार की रात उसकी बेटी घर से बाहर गई थी। तभी गांव के ही दो युवक बृजेश व लवकुश रास्ते में मिल गए।

आरोप है कि एक ने बेटी को तमंचा लगा दिया और दूसरे ने जबरन गाड़ी में बैठा लिया। आरोपियों ने सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद गांव के बाहर सड़क पर छोड़कर भाग निकले। किसी तरह उसकी बेटी घर पहुंची व परिजनों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। किशोरी की मां का यह भी आरोप है की बेटी के शोर मचाने पर आरोपियों ने असलहा दिखाकर उसे धमकाया भी और जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता की मां ने आरोपियों के खिलाफ महिगवां थाने में तहरीर दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। महिंगवा इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गोवंश से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम तेज रफ्तार बाइक सवार युवक गोवंश से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे आनन-फानन लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्नाव जिले के दरेहटा निवासी राजेश सिंह चौहान उर्फ ठेगी (45) बंथरा के कटी बगिया स्थित एक धर्म कांटा पर नौकरी करते थे। राजेश बुधवार शाम करीब 7 बजे बाइक से बनी - मोहनलालगंज रोड होते हुए ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी बंथरा स्थित खसरवारा गांव के पास वह सड़क पर खड़ी एक गाय से अचानक टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची बंथरा पुलिस ने इलाज के लिए राजेश सिंह को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक राजेश के परिवार में उनकी पत्नी गुड्डी के अलावा दो बेटे सत्यम, शुभम और एक बेटी पारुल है।फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# जातिगत टिप्पणी का विरोध करने पर छात्र पर जानलेवा हमला, सिर में लगे 27 टांके

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के मायापुरम में मंगलवार रात एक प्रतियोगी छात्र पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। छात्र का आरोप है कि उस पर हमला केवल इसलिए किया गया क्योंकि उसने अपने खिलाफ की जा रही जातिगत टिप्पणी का विरोध किया था। मायापुरम निवासी आदर्श सिंह (20) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। मंगलवार रात वह मोहल्ले की एक दुकान पर इलेक्ट्रॉनिक चूल्हा ठीक कराने गए थे। आरोप है कि माथे पर तिलक लगे होने के कारण वहां मौजूद कुछ युवकों ने उनके खिलाफ जातिगत टिप्पणी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया। जब आदर्श ने इसका विरोध किया तो आरोपियों का गुस्सा भड़क उठा। जीशान गाजी, गोलू, असरफ गाजी, निजाम गाजी, आसिफ, फैज, बदलू, सद्दाम, वारिस, एहसान, नदीम, निहाल और अरसलान सहित अन्य लोगों ने लोहे की रॉड से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में आदर्श के सिर पर गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें तत्काल लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां उनके सिर में 27 टांके लगाए गए। फिलहाल उनका इलाज जारी है। पीड़ित आदर्श की तहरीर पर बुधवार शाम 13 नामजद और सात-आठ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। काकोरी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# आपूर्ति विभाग और पुलिस ने गैस सिलेंडर की कालाबाजारी गिरोह का किया भंडाफोड़

**38 घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर, एक बोलेरो मैक्स पिकअप और एक ट्रक बरामद**

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। आपूर्ति विभाग और सरोजनी नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार रात मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान टीम ने कुल 38 घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर, एक बोलेरो मैक्स पिकअप और एक ट्रक बरामद किया है। पूर्ति निरीक्षक अशोक कुमार चौरसिया के मुताबिक 17 मार्च मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि सरोजनी नगर के हिन्दनगर एलडीए कॉलोनी स्थित जनता गैराज इंटरप्राइजेज परिसर में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण और कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर एसीएम (तृतीय) बृजेश वर्मा के नेतृत्व में जिला पूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, अरविंद कुमार सिंह और परवेज अख्तर व पुलिस टीम के साथ मंगलवार रात मौके पर पहुंचकर छापेमारी की गयी। जहाँ जांच में बिना वैध कनेक्शन और अभिलेखों के विभिन्न कंपनियों के सिलेंडरों को अवैध रूप से एकत्र कर अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से रखा पाया गया। पूर्ति निरीक्षक के मुताबिक कार्रवाई के दौरान मौके से 38 सिलेंडर जब्त किए गए। साथ ही बोलेरो मैक्स वाहन और ट्रक (यूपी 32 क्यूएन 5333) को भी कब्जे में ले लिया गया। जब्त सिलेंडरों को शीला गैस सर्विस, रामगढ़ के प्रबंधक आलोक कुमार वर्मा और बोलेरो वाहन को मोहम्मद यूनुस को सुपुर्द किया गया। जबकि ट्रक को सरोजनीनगर थाने में दाखिल कर दिया गया है। पूर्ति निरीक्षक का कहना है कि इस मामले में सरोजनी नगर के हिंद नगर, एलडीए कॉलोनी निवासी मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद इलियास और मोहम्मद यूसुफ, के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ हरदोई जिले के कासिमपुर थाने में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक और अज्ञात डीसीएम की आमने-सामने टक्कर, बाइक सवार दो युवक घायल

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम बाइक और अज्ञात डीसीएम की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक ही बाइक पर सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक का दाहिना हाथ कट कर अलग हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में पीजीआई स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उधर घटना के बाद डीसीएम चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक मोहनलालगंज के परसपुर ठट्ठा, कुसमौरा निवासी अर्जुन कुमार (34) और उसके गांव का ही साथी कुलदीप (37) बुधवार शाम करीब 6:30 बजे बिजनौर की तरफ से बिजनौर - मोहनलालगंज रोड होते हुए बाइक से अपने घर जा रहे थे।तभी गढ़ी मोड़ के पास परवर पश्चिम की तरफ से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार ठोकर मार दी और डीसीएम चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।इस हादसे में बाइक चला रहा अर्जुन और बाइक पर पीछे बैठा उसका साथी कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में अर्जुन का दाहिना हाथ कट कर अलग हो गया। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन दोनों को पीजीआई स्थित एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उधर पुलिस घटना अंजाम देने वाली डीसीएम का पता लगा रही है।

# भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



पीजीआई।भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, तेलीबाग लखनऊ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ . दिनेश सिंह, मिस मीनू त्यागी, महिला अधिकार कार्यकर्ता एवं संस्थापक, एन जी ओ सबला, डॉ. ए .डी. पाठक, भूतपूर्व निदेशक, भा. ग. अनु. संस्थान, डॉ. ललित कुमार त्यागी, प्रधान वैज्ञानिक, एन बी एफ जी आर, श्री अभिषेक श्रीवास्तव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरिष्ठ ग्रेड), डॉ मृणालिनी कंचेती, वैज्ञानिक समेत संस्थान के कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें इन गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. वैभव सक्सेना, वेलसन मेडिसिटी हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य पर सकारात्मक विचारों के प्रभाव विषय पर विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों और छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी भी गई, ।इस कार्यक्रम का आयोजन महिलाओं के साहस, दृढ़ संकल्प एवं शक्ति पर केंद्रित था। इसी के साथ संस्थान में हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ पुष्पा सिंह, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा तैयार की गई तथा इसका सफल संचालन श्रीमती कीर्ति सिंह और श्रीमती श्रुति श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# बंद पड़े मकान में दूसरी बार चोरी की कोशिश, इस बार घुसते ही चोर दबोचे गए

**अमन लेखनी समाचार**



पीजीआई थाना क्षेत्र के साउथ सिटी चौकी क्षेत्र के अ-105 में लंबे समय से सील पड़े ऑफिस साइन सिटी के ऑफिस को चोरों ने लगातार दूसरे दिन भी निशाना बनाया, लेकिन इस बार उन्हें लोगों ने पकड़ लिया। मंगलवार शाम करीब 5 बजे चोर इस परिसर में घुसे थे और ं निकालने की कोशिश कर रहे थे। तभी स्थानीय लोगों ने दो संदिग्ध एसी उठाकर ले जाते हुए देखा लेकिन पुलिस के मुताबिक वे सामान छोड़कर मौके से फरार हो गए थे। इसके अगले ही दिन जब चोर दोबारा उसी जगह पर घुसे, तो इस बार स्थानीय लोगों ने उन्हें सुबह 11 बजे देख लिया। जैसे ही वे अंदर आए, लोगों ने घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से दहशत का माहौल है वहीं, पुलिस का कहना है कि ऑफिस साइन सिटी ने ले रखा था जिसको कुछ कारणों से सील कर दिया गया था कई सालों से बंद होने के चोर मौका पाकर घुस गए पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# नाली निर्माण से टूटी स्कूल की दीवार, एक महीने बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**बच्चों की सुरक्षा पर खतरा, नगर निगम से शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई**

**अमन लेखनी समाचार**



पीजीआई। उतरेटिया स्थित कंपोजिट विद्यालय की चहारदीवारी नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई। घटना को एक महीना बीत चुका है, लेकिन अब तक कोई मरम्मत नहीं कराई गई है। जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को नाला निर्माण के दौरान खुदाई करते समय स्कूल की बाउंड्री की नींव कमजोर हो गई, जिससे दीवार में दरारें पड़ गईं। इसके साथ ही दीवार के ऊपर लगे पिलर और तार फेंसिंग ग्रिल भी टूटकर गिर गई। स्कूल की प्रभारी अध्यापिका आरती सिंह ने बताया कि घटना के तुरंत बाद स्टाफ ने 112 नंबर पर कॉल की थी, जिस पर ठेकेदार ने मौके पर पहुंचकर दीवार ठीक कराने का आश्वासन दिया था। हालांकि, बाद में वह लगातार टालमटोल करता रहा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों को लिखित शिकायत भी दी गई, लेकिन एक महीने बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। दीवार लगातार कमजोर होती जा रही है, जिससे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। बाउंड्री कमजोर होने से तार फेंसिंग भी टूट चुकी है, जिससे बाहरी लोगों के प्रवेश का डर बना हुआ है। स्कूल प्रबंधन ने मांग की है कि जल्द से जल्द दीवार की मरम्मत कराई जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर मिला मजदूर का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मामले की जांच जारी है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय बृजलाल यादव के रूप में हुई है, जो भगवती खेड़ा शेखपुर नारी, थाना सदर के निवासी थे। परिजनों के अनुसार, बृजलाल यादव मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।वह बंथर क्षेत्र स्थित सुपर इंटरनेशनल नामक एक बंद पड़ी फैक्ट्री परिसर के पास गड्ढा खोदने का काम करते थे। मंगलवार शाम को बृजलाल यादव एक कमरे में मृत पाए गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन भी पहुंचे, जहां वे गहरे सदमे में थे। परिजनों ने बताया कि बृजलाल यादव ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पांच बेटियां और एक बेटा है। इनमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि तीन की शादी अभी बाकी है। अब परिवार की पूरी जिम्मेदारी सबसे बड़े बेटे पर आ गई है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक को लाठी डंडों से पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। गाली-गलौज का विरोध करने पर पति-पत्नी और उनके बेटे ने मिलकर युवक पर हमला किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। कनीगांव निवासी आनंद कुमार ने बुधवार को पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के ही राजू शुक्ला से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। बुधवार सुबह आनंद अपनी परचून की दुकान पर बैठे थे, तभी राजू शुक्ला वहां आए और गाली-गलौज करने लगे। जब आनंद ने इसका विरोध किया, तो राजू शुक्ला ने अपनी पत्नी अनुपम और बेटे अभिषेक के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में आनंद गंभीर रूप से घायल हो गए और लहूलुहान हो गए। पुलिस ने उन्हें तत्काल मियागंज सीएचसी पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## अमर शहीद की पुण्यतिथि पर प्रतिमा का किया अनावरण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अमर शहीद शशिकांत तिवारी की पुण्यतिथि पर उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अपने निजी संसाधनों से निर्मित इस प्रतिमा का लोकार्पण कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार को आयोजित इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, शहीद परिवारों के सदस्य और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने शहीद को नमन किया। शहीद शशिकांत तिवारी शहर के मोहल्ला पूरन नगर के निवासी थे। वह छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए थे।उनकी शहादत के बाद से परिजनों द्वारा लंबे समय से उनकी स्मृति में पार्क और प्रतिमा स्थापित करने की मांग की जा रही थी। कई प्रयासों के बावजूद यह कार्य पूरा नहीं हो पा रहा था। सदर विधायक पंकज गुप्ता के प्रयासों से पूरन नगर के समीप बरवट क्षेत्र में एक पार्क को प्रेरणास्थल के रूप में विकसित किया गया। यहीं पर विधायक ने अपने निजी संसाधनों से शहीद की आदमकद प्रतिमा स्थापित कराई। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभशहीद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विधायक ने प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। इस दौरान जनपद के सेवानिवृत्त सैनिकों और शहीद वीरांगनाओं को भी सम्मानित किया गया।विधायक पंकज गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि देश की सुरक्षा वीर सैनिकों के त्याग और बलिदान के कारण ही संभव है। उन्होंने शहीद शशिकांत तिवारी के अमर बलिदान को याद करते हुए कहा कि लंबे समय बाद उनके परिजनों की मांग पूरी कर पाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कार्य में हुई देरी के लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि तमाम बाधाओं के बावजूद प्रेरणा स्थल का निर्माण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला, जिसके लिए वह शहीद परिवारों के आभारी हैं। कार्यक्रम का संचालन ₹नर सेवा नारायण सेवा₹ के संस्थापक विमल द्विवेदी ने किया। संयोजन पवन सिंह, प्रदीप सिंह, शहीद के पुत्र देवांश तिवारी और अजय त्रिवेदी द्वारा किया गया।इस अवसर पर शहीद की धर्मपत्नी अनीता तिवारी, पूर्व सैनिक ए.के. दीक्षित, आर. के. मिश्रा, जे.के. सिंह, सुबेद शुक्ला, आर.बी. सिंह, शहीद वीरांगना प्रतिमा गौतम, किरण यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरा माहौल देशभक्ति और भावनात्मक श्रद्धा से ओतप्रोत दिखाई दिया।

## रेलवे ट्रैक कार्य का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर स्थित गंगापुल पर 2 अप्रैल से ट्रैक बदलने का कार्य प्रस्तावित है। इसी को लेकर रेलवे विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और कार्यों की रूपरेखा की समीक्षा की। निरीक्षण के लिए लखनऊ से चीफ वर्कशॉप मैनेजर उत्तर रेलवे जयंत चौधरी, डिप्टी चीफ वर्कशॉप मैनेजर नितिन मंगवाल और डीईएन-5 प्रवेंद्र कुमार गंगापुल पहुंचे। अधिकारियों ने पुल और रेल ट्रैक की मौजूदा स्थिति का बारीकी से जायजा लिया।उन्होंने आगामी कार्यों की प्रगति और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों और तकनीकी टीम के साथ बैठक कर कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई।रेलवे अधिकारियों ने बताया कि गंगापुल पर ट्रैक बदलने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसके तहत पुराने ट्रैक और एचबीम स्लीपरों को हटाकर नए स्लीपर लगाए जाएंगे। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य रेल मार्ग की मजबूती बढ़ाना, सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाना और ट्रेनों की आवाजाही को अधिक सुरक्षित एवं सुचारु बनाना है। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एचबीम स्लीपर बदलने की प्रक्रिया, मशीनरी की उपलब्धता, श्रमिकों की तैनाती और सुरक्षा उपायों पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पुल पर कार्य के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। सभी तकनीकी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। रेलवे सूत्रों के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान कुछ ट्रेनों के संचालन पर आंशिक प्रभाव पड़ सकता है। यात्रियों को इसकी पूर्व सूचना दी जाएगी। विभाग का प्रयास है कि कार्य को कम से कम समय में पूरा कर रेल यातायात को सामान्य रखा जाए। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य किसी भी तकनीकी बाधा या सुरक्षा जोखिम से बचना है। गंगापुल पर प्रस्तावित यह कार्य रेलवे सुरक्षा और अधोसंरचना सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे भविष्य में रेल संचालन अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगा।

## मार्ग दुर्घटना के बाद दोनों वाहन सवारों के बीच हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। ट्रांस गंगा सिटी गेट नंबर 3 पर एक सड़क दुर्घटना के बाद जमकर मारपीट हुई। मोटरसाइकिल और कार की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया, जिसके बाद उसके परिजनों ने कार चालक और सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर दिया।

यह घटना सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के गंगा बैराज स्थित ट्रांस गंगा सिटी में हुई। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल सवार ने फोन कर अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंच गए।

मौके पर पहुंचते ही भीड़ ने कार चालक और उसके साथ बैठे मित्र को मारना-पीटना शुरू कर दिया। गेट नंबर 3 पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने जब बीच-बचाव का प्रयास किया, तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। सुरक्षाकर्मी रजोल यादव ने बताया कि जब उन्होंने और उनके साथी सुनील यादव (गार्ड), बृजेश कुमार (गार्ड) और अखिलेश दीक्षित (सिक्योरिटी इंचार्ज) ने बचाने की कोशिश की, तो उन्हें गाली-गलौज करते हुए मारा-पीटा गया। इस दौरान रजोल यादव की वर्दी और बैच भी फट गया।

रजोल यादव के अनुसार, हमलावरों ने कार चालक को बेरहमी से पीटा और जो भी बचाने आता, उसे भी मारने लगते थे। घटना की सूचना पर गंगा बैराज चौकी इंचार्ज मान सिंह अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गहनता से छानबीन कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि यदि घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाए, तो पूरी सच्चाई सामने आ सकती है।

## फायर ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित आर टी सी कोर्स की इंडोर परीक्षा का एसपी ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने 18 मार्च 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन और दोस्ती नगर फायर ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित आरटीसी कोर्स की इंडोर परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान, एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाए और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने, अभ्यर्थियों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा परीक्षा संबंधी सभी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अनियमितता की सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई की जाए।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात अजय सिंह और क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और समन्वय बनाए रखने पर बल दिया।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने की बैठक



अमन लेखनी समाचार

मौरावा, उन्नाव। टीएफआई के बैनर तले सभी शिक्षक संगठनों ने टेट अनिवार्यता के विरोध में बीआरसी मुख्यालय पर बैठक कर दिल्ली जाने की रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान प्राथमिक व जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता के विरोध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के बैनर तले जूनियर शिक्षक संघ व प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि आरटीई एक्ट लागू होने से पहले कार्यरत शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता अनुचित है। इसी कड़ी बुधवार को बीआरसी मौरावां में बैठक कर शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर आगामी 4 अप्रैल 2026 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने पर रणनीति बनाई गई। सभी ने एक स्वर में संगठित होकर टेट अनिवार्यता का विरोध किया। इस दौरान जूनियर शिक्षक संघ के मण्डलीय पदाधिकारी अनिल शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष सरल कुमार, अध्यक्ष कमलेश कुमार, मंत्री प्रदीप मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया, अध्यक्ष विकास सिंह, मंत्री सहदेव, उपाध्यक्ष प्रवीण शुक्ल, भरत कुरील, श्रीकांत तिवारी, पंकज चौरसिया, नीरज कुमार, आनंद, अजय कुमार समेत कई शिक्षक शामिल हुए।

## डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड में विभागीय प्रगति की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में विभागीय प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की रैंकिंग और योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सुधार न होने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से योजनाओं की वास्तविक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी मुख्यमंत्री डैशबोर्ड को गंभीरता से लें और प्रतिदिन अपनी विभागीय रैंकिंग की निगरानी करें।उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी स्थिति में जनपद की रैंकिंग खराब नहीं होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान एनआरएलएम, महिला एवं बाल विकास, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ग्राम विकास, आईसीडीएस, मुख्यमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, ओडीओपी तथा 15वें वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत कमजोर पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को लक्ष्य निर्धारित कर तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सीएम डैशबोर्ड समीक्षा से पूर्व जिलाधिकारी ने जनपद में 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली निमार्णाधीन परियोजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और कार्य पूर्ण होते ही हैंडओवर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी एजेंसियां सुनिश्चित करें कि कार्य मानक के अनुरूप और टिकाऊ हों। उन्होंने अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुवेर्दी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया महापुरुषों की मूर्तियों का अनावरण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के सरवन ग्राम पँचायत के प्रधान प्रतिनिधि वंशराज बंसल ने मौरावां - मोहनलालगंज मार्ग पर सरवन मोड के पास स्वयं की भूमि पर दलित समाज के महापुरुष संत गाडगे महाराज ,महाराजा बिजली पासी तथा गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की, जिनका विधायक अनिल सिंह व पूर्व विधायक सिराथू राम सजीवन निर्मल के साथ अनावरण किया। विधायक अनिल सिंह ने कहा प्रत्येक समाज को महापुरूषों से प्रेरणा मिलती हैं। समाज के उत्थान के लिये महापुरषों ने संघर्ष और त्याग किया हैं। समाज को जातीय द्वेष से उठकर एकसाथ भाई चारे के साथ रहना चाहिये।पूर्व विधायक राम सजीवन निर्मल ने कहा हमारे महापुरुषो ने हम लोग को जातीय और राजनीति गुलामी से आजादी दिलाने का काम किया हैं।प्रधान प्रतिनिधि वंशराज बंसल ने कहा महापुरषों की प्रेरणा से आज हम अपने गांव में महापुरुषो की प्रतिमाओं को स्थापित कर सके।कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर कनौजिया ने किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चौधरी मुकेश निर्मल ,दिनेश कनौजिया ,छोटू गुप्ता ,रमेश रावत ,रामनरेश वर्मा ,रामचंद्र रावत ,आदित्य चौधरी ,अमर सिंह ,गौरव सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद।

## एसडीएम को प्रदेश अध्यक्ष ने भेट किया गौरैया घोंसला



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गौ-गौरैया संरक्षण समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने गौरैया संरक्षण अभियान ₹ घर आओ गौरैया ' के तहत उन्नाव के बीघापुर तहसील में उप जिलाधिकारी व न्यायिक मजिस्ट्रेट को गौरैया घोसला भेट किया । उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह एवं न्यायिक उपजिलाधिकारी आईएएस शौर्य कुमार ने इस अभियान की सराहना किया ।उपजिलाधिकारी ने कहा कि गौ और गौरैया हम सब के मित्र प्राणी है ।इनका संरक्षण अति आवश्यक है । आज ही घोसले को अपने आवास लगाएंगे ।इस मौके पर मनीष पाण्डेय ने बताया कि 20 मार्च विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर जनजागरूकता के तहत गौ और गौरैया अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत निशुल्क गौरैया घोसलों का वितरण किया जा रहा है ।

## संविदा कर्मियों की तैनाती और वेतन में बड़ा खेलअवैध वसूली के भी गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद के विद्युत विभाग में संविदा कर्मियों की तैनाती और वेतन वितरण को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। विभाग के अंतर्गत कार्यरत एजेंसी World Class Service Limited पर नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी तैनाती और वेतन भुगतान के आरोप लगे हैं।

सूत्रों के अनुसार, कई ऐसे संविदा कर्मियों को कुशल (Skilled) श्रेणी का वेतन दिया जा रहा है, जो वास्तविक रूप से विद्युत पोल पर कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। वहीं, कुशल लाइनमैन और एसएसओ से फील्ड कार्य की बजाय कार्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटर और लिपिकीय कार्य कराया जा रहा है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बिना अनुमति नियुक्ति और सेवा समाप्ति के आरोप

मामले में यह भी सामने आया है कि कई नियुक्तियां बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के की गईं, जबकि कुछ कर्मियों की सेवा समाप्ति भी नियमों को दरकिनार कर की गई।अवैध वसूली और लेन-देन का खेल

स्थानांतरण और नियुक्ति प्रक्रियाओं में आर्थिक लेन-देन (अवैध वसूली) के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि एजेंसी से जुड़े जिम्मेदार लोग पद और प्रभाव का दुरुपयोग कर रहे हैं

प्रमुख उदाहरण

जिले के विभिन्न पावर हाउस और उपखंडों में अनियमितताओं के कई उदाहरण सामने आए हैं–

अजगैन पावर हाउसः अरविंद कुशल वेतन, पर कार्य में अक्षम

भगवंत नगर उपखंडः नैतिक, रईस, स्वदेश, उपेंद्र सिंह कुशल वेतन, पर फील्ड कार्य में असमर्थ

बिहार पावर हाउसः राहुल सिंह झ बिना अनुमोदन नियुक्ति, संत बख्श सिंह झ आईटीआई योग्यता का अभाव

धानीखेड़ा पावर हाउसः कई कर्मियों पर पूर्व जांच के बावजूद कार्रवाई नहीं

उन्नाव पीडी नगर नीतू लाइनमैन वेतन, कार्य कंप्यूटर ऑपरेटर; शीलू मिश्रा - कुशल वेतन, पर कार्य में अक्षम

मौरावा सबडिवीजनः सौरभ गौतम झ कंप्यूटर कार्य, पर कुशल वेतन

कालूखेड़ाः निर्मल कुमार, मनीष प्रजापति

जानकारी के अनुसार, संबंधित अवर अभियंता द्वारा पूर्व में भी कई बार जांच और कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है

इस पूरे मामले को लेकर अब उच्चस्तरीय और स्वतंत्र जांच की मांग तेज हो गई है। शिकायतकताओं ने मांग की है कि–

सभी संविदा कर्मियों का भौतिक सत्यापन कराया जाए

कुशल/अकुशल श्रेणी और वेतन का पुनः मूल्यांकन किया जाए

अवैध वसूली के मामलों की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो

पारदर्शी और मानक आधारित तैनाती प्रणाली लागू की जाए

मामला जनहित से जुड़ा होने के कारण अब प्रशासन और विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर नजरें टिक गई हैं। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला और बड़ा रूप ले सकता है।

## आखिर क्यों नहीं दिया जा रहा कर्मियों को बकाया मानदेय ?

### मनरेगा कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा मांग पत्र

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुरेजनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र में कार्यरत मनरेगा कर्मचारियों ने आहत होकर एक बार पुनः ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा धरने पर मौजूद तहसील अध्यक्ष आर्य कुमार पाण्डेय अमौली ब्लाक अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार समेत सैकड़ो कर्मचारियों ने विगत 6 माह से मानदेय का भुगतान न मिलने की बात बताई वही आक्रोषित होकर कर्मचारियों ने बताया कि शाशन द्वारा बकाया मानदेय की भुगतान की मोहर लग चुकी है जबकि स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण कर्मचारियों का मानदेय भुगतान नहीं हो पा रहा कर्मियों ने बताया कि दीपावली के पूर्व से अभी तक का बकाया मानदेय नहीं मिला जिससे सभी कर्मचारी जीवन यापन करने में असमर्थ हो रहे हैं मौजूदा सभी मनरेगा कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे को मांग पत्र ज्ञापन सौंपते हुए भुगतान की मांग की इस मौके पर सुभाष कुमार रघुराज बबलू घसीटे लाल फिरदौस अहमद राजेश कुमार कल्पना पूनम गुप्ता धीरेंद्र हरिमोहन सिंह धर्मेंद्र जयकरन जीतेंद्र लाल जी समेत आधा सैकड़ा से अधिक मनरेगा कर्मी रोजगार सेवक मौजूद रहे

## नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों के आस पास चलाया सफाई अभियान

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। शारदीय नवरात्र के अवसर पर 'नर सेवा नारायण सेवा' के प्रमुख विमल द्विवेदी सामाजिक और धार्मिक सेवा कार्यों में सक्रिय दिखे। उन्होंने नवरात्र के दौरान मंदिरों के आसपास साफ-सफाई अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ वातावरण बनाना था।

इसी कड़ी में, शहर के बड़ा चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विमल द्विवेदी स्वयं झाड़ू लगाते हुए सफाई करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और सच्ची पूजा सेवा भाव में निहित है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विमल द्विवेदी पूजा-अर्चना के समय हमेशा श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक आयोजनों में सेवा भाव के साथ उपस्थित रहते हैं। उनका यह सेवा कार्य लगातार जारी रहता है, चाहे अन्य लोग मौजूद हों या न हों।

इस सफाई अभियान में अजय त्रिवेदी, गोलू, अंकुर, अखिल सहित संगठन के कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई में सहयोग किया।

## सम्पादकीय

# अब होगी नेताओं के दावों की परीक्षा

देश के पांच राज्यों असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी शंखनाद हो चुका है। चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखों का ऐलान कर दिया है और इसके साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सत्ता की दौड़ तेज होगी। नेताओं के बड़े-बड़े दावे जनता की कसौटी पर परखे जाएंगे। करीब 17.4 करोड़ मतदाताओं और 824 विधानसभा सीटों पर होने वाला यह चुनाव केवल सरकार बदलने का सवाल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता और जनता की उम्मीदों की भी बड़ी परीक्षा है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। पांचों राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही सियासी गतिविधियां तेज हो चुकी हैं और राजनीतिक दलों ने अपने-अपने एजेंडे, वादों और रणनीतियों को धार देना शुरू कर दिया है। इन चुनावों की खास बात यह है कि यहां राष्ट्रीय दलों और क्षेत्रीय दलों के बीच सीधी और कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। खासकर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा हमेशा तीखी रही है, जहां क्षेत्रीय दलों की मजबूत पकड़ है। ऐसे में राष्ट्रीय दल भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंकते नजर आएंगे। चुनावों के दौरान अक्सर नेताओं द्वारा विकास, रोजगार, महंगाई और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। मुफ्त योजनाओं और जनहित के नाम पर नई-नई घोषणाएं मतदाताओं को प्रभावित करने का एक प्रमुख माध्यम बन जाती हैं, लेकिन समय के साथ मतदाताओं की समझ भी परिपक्व हुई है। अब मतदाता केवल वादों और नारों से प्रभावित नहीं होते, बल्कि वे यह भी देखते हैं कि पिछले कार्यकाल में सरकारों ने वास्तव में क्या काम किया है और जनता के जीवन में कितना बदलाव आया है। यही वजह है कि यह चुनाव नेताओं के दावों की असली परीक्षा बनकर सामने आएगा। चुनाव आयोग ने भी साफ कर दिया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई भी सरकार नई योजनाओं या घोषणाओं का ऐलान नहीं कर सकेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में होती है। चुनाव केवल नेताओं या राजनीतिक दलों की परीक्षा नहीं होते, बल्कि यह मतदाताओं की जिम्मेदारी और जागरूकता की भी कसौटी होते हैं। जब मतदाता अपने अधिकार का ईमानदारी से प्रयोग करते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए जरूरी है कि हर मतदाता इस लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और अपने वोट का प्रयोग जरूर करे। आखिरकार, चुनाव केवल सत्ता हासिल करने की दौड़ नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को जीतने की प्रक्रिया भी है। नेताओं के लिए यह अवसर है कि वे केवल वादे करने तक सीमित न रहें, बल्कि जनता के भरोसे को निभाने का संकल्प भी दिखाएं क्योंकि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास ही होता है। मई में आने वाला जनादेश किसे सत्ता की जिम्मेदारी सौंपता है। जनता के लिए भी यह जिम्मेदारी के साथ चुनाव करने का मौका है। लोकतंत्र का यह उत्सव आखिर जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का आईना बनकर सामने आएगा।

# डोनाल्ड ट्रंप के दावे और टूटता तिलिस्म



विश्लेषण

महेन्द्र तिवारी


> ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। ट्रंप का यह सोचना कि प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है।

डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, इस दावे और भारत पर दबाव बनाने की उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं।

ट्रंप का यह सोचना कि टैरिफ युद्ध या प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा, चाहे वह व्यापारिक नीतियां हों या रूस जैसे देशों के साथ ऊर्जा संबंध। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर टैरिफ हमलों की श्रृंखला तब शुरू हुई, जब अमेरिका ने भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया और हार्ले-डेविडसन जैसी मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जवाब में, अमेरिका ने भारत को मिलने वाले 'जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेस' (जीएसपी) के लाभ को समाप्त कर दिया, जिसका उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को चोट पहुंचाना था, लेकिन इसके परिणाम ट्रंप की उम्मीदों के विपरीत रहे। भारत ने न केवल अमेरिकी कृषि उत्पादों और बादाम जैसे आयातों पर जवाबी शुल्क लगाकर अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा की, बल्कि अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण भी शुरू कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बावजूद, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी गई, जो यह दर्शाता है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर इस कदर निर्भर हैं कि केवल टैरिफ के जरिए इन्हें अलग करना या भारत को दबाना संभव नहीं है।

अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक अपरिहार्य बाजार और विनिर्माण केंद्र बना हुआ है, जिसे नजरअंदाज करना खुद अमेरिका के लिए आर्थिक आत्मघात जैसा होगा। दबाव की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान देखने को मिला, जब अमेरिका ने भारत पर रूस से कच्चा तेल न खरीदने और प्रतिबंधों का पालन करने के लिए भारी राजनयिक दबाव डाला। ट्रंप और उनके समर्थक गुट का मानना था कि भारत को अमेरिकी छत्रछाया में लाने के लिए यह सही समय है। हालांकि, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए न केवल रूस से तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था के लिए एक रणनीतिक अवसर में बदल दिया।

अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और 'प्राइस कैप' जैसी नीतियों को दरकिनार करते हुए भारत ने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप फैसले लिए। यह अमेरिकी कूटनीति की एक बड़ी विफलता मानी जा सकती है क्योंकि वह एक प्रमुख लोकतांत्रिक साझेदार को अपनी मर्जी के अनुसार झुकने पर मजबूर नहीं कर सका। भारत के इस कड़े रुख ने स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली की विदेश



नीति अब वाशिंगटन के निर्देशों पर नहीं, बल्कि अपने 140 करोड़ नागरिकों की जरूरतों और वैश्विक स्थिरता के अपने दृष्टिकोण पर आधारित है।

भारत की तुलना चीन से करना और उसे 'अगला चीन' न बनने देने की बात करना ट्रंप की एक रणनीतिक भूल को दर्शाता है। चीन का उदय एक सत्तावादी ढांचे के तहत हुआ, जिसने वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन किया, जबकि भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है जो कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करती है। ट्रंप का यह डर कि भारत अमेरिकी विनिर्माण को निगल जाएगा, तथ्यात्मक रूप से कमजोर है क्योंकि भारत का विकास मॉडल निर्यात-आधारित होने के साथ-साथ उपभोग-आधारित भी है। भारत आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रहा है, जिसे अमेरिका खुद 'फ्रेंड-शोरिंग' के नाम से बढ़ावा देता रहा है। ऐसे में एक तरफ भारत को विनिर्माण का विकल्प बनाना और दूसरी तरफ उसकी प्रगति को रोकने की बात करना ट्रंप की नीतियों में गहरे अंतर्विरोध को उजागर करता है। ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यह भी देखा गया कि रक्षा सौदों के मामले में भी अमेरिका का दबाव काम नहीं आया। भारत ने रूस के साथ S-400 मिसाइल प्रणाली का सौदा किया, जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। भारत का अडिग रहना और अंततः अमेरिका का प्रतिबंधों से पीछे हटना यह साबित करता है कि वाशिंगटन को भारत की सैन्य और सामरिक महत्ता का भली-भांति आभास है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका को भारत की जितनी आवश्यकता है, उतनी भारत को अमेरिका की नहीं।

यह शक्ति संतुलन ट्रंप के उन दावों को खोखला कर देता है, जिनमें वे भारत को नियंत्रित करने की बात करते हैं। भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि अपनी क्षमता विस्तार के लिए हैं और ट्रंप के टैरिफ या धमकियां इसे रोकने में अक्षम साबित हुई हैं। अंततः ट्रंप की रणनीति में एक बुनियादी कमी यह है कि वे भारत को केवल एक व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं, जबकि भारत एक सभ्यतागत शक्ति और उभरता हुआ वैश्विक ध्रुव है। भारत की डिजिटल क्रांति, उसका विशाल युवा कार्यबल और उसकी रणनीतिक स्थिति उसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर ले जा रही है। ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' के मुकाबले भारत का 'सबका साथ, सबका विकास' और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का संकल्प अधिक समावेशी और प्रभावी है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप द्वारा भारत पर बनाए गए दबाव के हर प्रयास ने भारत को अधिक आत्मनिर्भर बनने और अपने विकल्पों को तलाशने के लिए प्रेरित किया है। भारत को दबाव में रखकर सफल होने का सपना देखने वाले नेताओं को यह समझना होगा कि 21वीं सदी का भारत अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ जुड़ने की क्षमता रखता है और किसी भी महाशक्ति का कनिष्ठ भागीदार बनने के बजाय एक समान और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ट्रंप के दावे महज चुनावी बयानबाजी या दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक विश्व व्यवस्था में भारत की गति को रोकना अब किसी भी एक शक्ति के बस की बात नहीं रह गई है।

दिवस विशेष

श्वेता गोयल



# मानवता का सबसे सशक्त सुरक्षा कवच है टीकाकरण

मानव सभ्यता के इतिहास में अदृश्य सूक्ष्मजीवों, वायरसों और जीवाणुओं ने समय-समय पर अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौतियां पेश की हैं। इन प्राणघातक संकटों के विरुद्ध मानवता के पास सबसे सशक्त और अचूक अस्त्र 'टीकाकरण' ही रहा है। भारत में प्रतिवर्ष 16 मार्च को मनाया जाने वाला 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक चेतना और लाखों जिंदगियों को अकाल मृत्यु से बचाने के संकल्प का उत्सव है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि कैसे विज्ञान ने प्रकृति के प्रकोप को नियंत्रित कर एक स्वस्थ समाज की नींव रखी है। टीकाकरण की महत्ता को समझना आज इसलिए भी अनिवार्य है क्योंकि यह न केवल व्यक्ति विशेष की रक्षा करता है बल्कि एक अभेद्य सामुदायिक सुरक्षा तंत्र (हर्ड इम्यूनिटी) का निर्माण भी करता है। टीकाकरण की प्रक्रिया वास्तव में शरीर की आंतरिक रक्षा प्रणाली को प्रशिक्षित करने की एक कला है। हमारे वातावरण में अनगिनत रोगजनक तत्व विचरण करते हैं, जो किसी भी क्षण हमें अपनी चपेट में ले सकते हैं। वैक्सीन इन खतरों के विरुद्ध शरीर में एक कृत्रिम प्रतिरक्षा जागृत करती है, जिससे हमारा शरीर वास्तविक संक्रमण होने पर उससे लड़ने के लिए पहले ही तैयार रहता है। यह चिकित्सा विज्ञान की वह अद्भुत उपलब्धि है, जिसने चेचक जैसी भयावह बीमारियों का नामोनिशान मिटा दिया और पोलियो जैसे अभिशाप को इतिहास के पन्नों तक सीमित कर दिया। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का मूल ध्येय समाज के हर वर्ग, विशेषकर नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इस अभियान की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। यह उन अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं, डॉक्टरों और नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी क्षण है, जो दुर्गम क्षेत्रों में जाकर हर बच्चे तक 'सुरक्षा की खुराक' पहुंचाना सुनिश्चित करते हैं। यदि हम भारत के संदर्भ में टीकाकरण की ऐतिहासिक विजय गाथा का विश्लेषण करें तो 16 मार्च की तिथि स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इसी दिन वर्ष 1995 में देश में ओरल पोलियो वैक्सीन की पहली खुराक दी गई थी, जो 'पल्स पोलियो अभियान' के व्यापक शंखनाद का प्रतीक बनी। 'दो बूंद जिंदगी की' का वह नारा केवल एक विज्ञापन नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन बन गया, जिसने देश के कोने-कोने में चेतना जगाई। उस समय भारत पोलियो के मामलों का प्रमुख केंद्र माना जाता था लेकिन निरंतर प्रयासों और टीकाकरण की शक्ति ने असंभव को संभव कर दिखाया। परिणामस्वरूप, वर्ष 2011 में पश्चिम बंगाल में अंतिम मामला मिलने के बाद 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया। यह उपलब्धि प्रमाणित करती है कि यदि इच्छाशक्ति और टीकाकरण का सही समन्वय हो तो किसी भी महामारी को परास्त किया जा सकता है। टीकाकरण की प्रासंगिकता केवल शिशुओं तक सीमित नहीं है। यद्यपि इसका आरंभ बाल्यकाल की सुरक्षा से होता है परंतु व्यस्क और वृद्धजनों के लिए भी यह उतना ही अनिवार्य है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस सत्य को वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित किया है। 2020 के बाद भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाकर यह सिद्ध किया कि आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना केवल वैज्ञानिक नवाचार से ही संभव है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मत है कि टीकाकरण के लाभ केवल व्यक्तिगत आरोग्य तक सीमित नहीं रहते बल्कि इसका व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ता है। एक स्वस्थ कार्यबल राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को गति देता है और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को कम करता है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत में टीकाकरण की जड़ें बहुत गहरी हैं। दस्तावेजी प्रमाण बताते हैं कि 1802 में मुंबई की एक नन्ही बालिका को चेचक का टीका लगाकर इस आधुनिक सुरक्षा चक्र की शुरुआत हुई थी। उसके बाद 1896 में अनिवार्य टीकाकरण अधिनियम का आना और 20वीं सदी के प्रारंभ तक हैजा, प्लेग और टाइफाइड जैसी महामारियों के विरुद्ध टीकों की उपलब्धता ने भारतीय स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान की। टीकाकरण केवल दवा की बूंद नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की पहली शर्त है।

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित

दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## दूसरों को कमजोर समझने की गलती न करें



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बड़ा बोझ क्यों बन रही शादियां?

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादिया करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*– मनोज जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### हमलों के बाद 'काली बारिश' से ईरान की जनता को खतरा

अमेरिका व इजराइल के ईरान के तेल भंडारों पर किये गये हवाई हमलों कारण उठे जहरीले धुएं के बादल धरती पर 'काली बारिश' हुई। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसके मद्देनजर जनता के लिए गंभीर खतरो की चेतावनी जारी की है।



पिछले हफ्ते ईरान के कई तेल डिपो और एक रिफाइनरी पर हमले के बाद तेहरान के पास काली और तैलीय बारिश हुई, जिससे राजधानी के निवासियों ने आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। दो सप्ताह से जारी युद्ध के दौरान क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी काले धुएं के गुबार देखे गए।

## ऑफ बीट

### ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?

ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु



और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है

## ट्रेंड

### जनता देगी जवाब



टीएमसी वालों को यह याद रखना होगा कि उन्होंने केवल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी का अपमान नहीं किया है, बल्कि देश के आदिवासी समाज के साथ-साथ करोड़ों महिलाओं के सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है। पश्चिम बंगाल की जनता-जनार्दन इसका भरपूर जवाब देगी।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कांशीराम को मिले भारत रत्न



सरकार से सामाजिक न्याय के महान योद्धा और बहुजन चेतना के मार्गदर्शक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करता हूं। यह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान कांशीराम के साथ उस पूरे आंदोलन को श्रद्धांजलि होगी जिसने करोड़ों बहुजनों को हक और आत्मसम्मान की राह दिखाई।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### ब्याज-मुक्त ऋण



युवा शक्ति ही सशक्त राजस्थान की असली पहचान है। उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज-मुक्त ऋण दिया जा रहा है।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

### डबल इंजन सरकार



कुछ साल पहले किसने सोचा होगा कि असम के हर जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल होगा, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और एम्स होंगे, एक पानी के नीचे सुरंग होगी और भी बहुत कुछ। डबल इंजन सरकार ने इन सभी को हकीकत बना दिया है।

-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

## संक्षेप

### एआरओ भवन की जर्जर हालत

**व्यापारियों ने अमित शाह के नाम ज्ञापन भेजा, अयोध्या शिफ्टिंग का डर**

अमेठी, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्व में नगर के व्यापारियों और पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी अमेठी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने अमेठी-किठावर मार्ग पर स्थित एआरओ भवन की जर्जर स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की। व्यापारियों का कहना है कि एआरओ भवन का रखरखाव नगर पंचायत अमेठी के जिम्मे है। हालांकि, लंबे समय से भवन की मरम्मत और देखरेख नहीं होने के कारण इसकी हालत काफी खराब हो चुकी है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते भवन का उचित मेंटिनेंस नहीं कराया गया, तो इस कार्यालय को अयोध्या शिफ्ट किया जा सकता है। इससे अमेठी के व्यापारियों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारियों ने बताया कि इस भवन का अमेठी से बहुत पुराना संबंध रहा है और यहां संचालित कार्यालय से कई व्यापारी बंधुओं को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। इसलिए उन्होंने भवन की शीघ्र मरम्मत कराए जाने के साथ-साथ एआरओ कार्यालय के लिए अमेठी में स्थायी भूमि उपलब्ध कराने की भी मांग की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश सोनी ,वरिष्ठ जिला महामंत्री सुशील जायसवाल, नगर महामंत्री संदीप अग्रहरि, युवा जिला महामंत्री पवन वैश्य, नगर अध्यक्ष सोनू कसौधन, हिमांशु कसौधन, राहुल लोहिया, रमेश राव, हर्षित बरनवाल, विकास सरोज सहित नगर के कई व्यापारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### जापानी प्रोफेसर हिरोको नागासाकी अमेठी पहुंचीं

**रीतिकालीन कवि सुखदेव मिश्र के काव्य पर कर रही हैं शोध**

अमेठी जिला , जापान के ओसाका विश्वविद्यालय की हिंदी प्रोफेसर हीरोको नागासाकी इन दिनों भारत में रीतिकालीन कवि पंडित सुखदेव मिश्र से जुड़े शोध कार्य के सिलसिले में हैं। इसी क्रम में उनका अमेठी आगमन हुआ, जहाँ अमेठी राज परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। चिंतामणि मिश्र ने अपने निवास चक पतरिया में भारतीय परंपरा 'अतिथि देवो भवः' का पालन करते हुए अंगवस्त्र, आरती और पुष्पार्चन के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें शोध से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। उन्हें स्मृति स्वरूप रामचरितमानस की पुस्तक भेंट की गई। प्रोफेसर नागासाकी रामचरितमानस पर भी पीएचडी कर चुकी हैं और हिंदी भाषा पर उनकी पकड़ प्रभावशाली है। अमेठी प्रवास के दौरान प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र यादव ने उन्हें महाकवि मलिक मोहम्मद जायसी की मजार, अमेठी के ऐतिहासिक भूपति भवन और रीतिकालीन कवि पंडित सुखदेव मिश्र से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों से विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने अमेठी की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और यहाँ के सांस्कृतिक इतिहास के बारे में भी जानकारी दी। इसके बाद अमेठी राज परिवार की पूर्व मंत्री डॉ. अमीता सिंह से उनकी मुलाकात हुई। लगभग तीन घंटे तक अमेठी के शिक्षा, साहित्य और सांस्कृतिक विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

# रुपईडीहा में अध्यक्ष व ईओ विवाद के बीच सफाई व्यवस्था ठप, सफाई कर्मियों द्वारा सड़कों पर फैलाया गया कूड़ा

**सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत कार्यालय एवं चेयरमैन के घर के सामने लगाया कूड़े का ढेर**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा इन दिनों भारी अव्यवस्था और गंदगी की समस्या से जूझ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य और अधिशासी अधिकारी (ईओ) रामबदन के बीच चल रहे विवाद का खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले कई महीनों से दोनों अधिकारियों के बीच मनमुटाव चला आ रहा है, जो अब गंभीर रूप ले चुका है। इसी तनाव के चलते मंगलवार को नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने जिला अधिकारी, बहराइच कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष द्वारा उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा है और आवश्यक सफाई उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार सुबह से सफाई कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन उग्र एवं तेज कर दिया। उन्होंने झाड़ू और अन्य उपकरणों के साथ कस्बे में सफाई कार्य का बहिष्कार कर दिया। पहले तो सफाई नहीं की गई, फिर जगह-जगह जमा कूड़े को सड़कों पर बिखेर दिया गया। इतना ही नहीं, कूड़ेदानों को उठाकर नगर पंचायत कार्यालय के गेट और अध्यक्ष के आवास के सामने फेंक दिया गया। चौराहों पर भी कूड़ा फैलाकर विरोध दर्ज कराया गया। इस स्थिति के कारण पूरे कस्बे में दुर्गंध फैल गई है और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। इस बीच बुधवार सुबह 11 बजे नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने आरोप लगाया कि यह पूरा घटनाक्रम अधिशासी अधिकारी रामबदन के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि ईओ कई महीनों से कार्यालय नहीं आ रहे थे और बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण उनका दो माह का वेतन रोका गया था। इसी वजह से वे सफाई कर्मियों को भड़काकर व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। बगैर मेरी जानकारी के नगर पंचायत कार्यालय अन्यत्र नई बिल्डिंग में स्थानांतरित करना चाहते है यहां तक कि कार्यालय का फर्नीचर भी बगैर जानकारी के वहां लेकर चले गए जबकि अभी तक उस बिल्डिंग का उद्घाटन भी नहीं हुआ है। वहीं, अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव ने इन आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी कार्यालय पहुंचने के बाद मिली। उन्होंने सफाई कर्मियों को समझाने का प्रयास किया है। ईओ के अनुसार, सफाई कर्मियों का कहना है कि उन्हें आवश्यक उपकरण नहीं मिल रहे हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें अध्यक्ष की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। गौरतलब है कि रुपईडीहा भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एक महत्वपूर्ण कस्बा है, जहां प्रतिदिन रूपईडीहा बाजार में हजारों नेपाली ग्राहक खरीदारी के लिए आते हैं। इसके अलावा अन्य विदेशी भी लोग इस मार्ग से आवागमन करते हैं। ऐसे में नगर की स्वच्छता व्यवस्था का बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि वे जल्द हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद का समाधान कराएं, ताकि नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था बहाल हो सके और आमजन को राहत मिल सके।

# प्रॉमिस लैंड पब्लिक स्कूल के छात्र एकलव्य यादव ने नवोदय परीक्षा में मारी बाजी

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान प्रॉमिस लैंड पब्लिक स्कूल के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है कि विद्यालय के मेधावी छात्र एकलव्य यादव ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए कक्षा 6 में प्रवेश हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल एकलव्य यादव की मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुशासित वातावरण और समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन को भी दशार्ती है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता को पूरे संस्थान के लिए एक प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने एकलव्य यादव को बधाई देते हुए कहा कि प्रॉमिस लैंड पब्लिक स्कूल सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देता है। यहां न केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा दी जाती है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी छात्रों को विशेष रूप से तैयार किया जाता है। अभिभावकों में भी इस सफलता से उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और वे भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। विद्यालय ने एकलव्य यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी विद्यालय के छात्र इसी प्रकार क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। प्रॉमिस लैंड पब्लिक स्कूल एक बार फिर यह सिद्ध कर रहा है कि सही मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## स्कूल संबंधित समस्त विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महाराजनगर में मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चरदा न्याय पंचायत के संकुल प्रभारी और शिक्षक उपस्थित रहे, जहाँ शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। ब्लॉक नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महाराज नगर में आयोजित इस बैठक में न्याय पंचायत चरदा के सभी विद्यालयों के संकुल प्रभारी व शिक्षक, शिक्षामित्र मौजूद थे। मार्च माह की इस न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षक संकुल बैठक में मुख्य एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षक संकुल अरविन्द कुमार वर्मा ने स्विफ्ट चार्ट ऐप, कार्य पुस्तिकाओं, प्रिंटरिच सामग्री और विकसित भारत बिल्डथान गतिविधियों की प्रविष्टि जैसे विषयों पर जानकारी दी। नोडल शिक्षक ने सीख की विषय-वस्तु, अकादमिक आवश्यकताओं हेतु नियोजन, निपुण विद्यालय प्रभावी कार्य योजना, अभिनव शिक्षण, स्वच्छ हरित विद्यालय, वार्षिक परीक्षा, टी०एल०एम० निर्माण तथा फीडबैक सत्र जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब एवं स्टेम किट्स के अनुभव, विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के आवेदन एवं तैयारी, और यू-डायस प्लस प्रोफाइल पोर्टल पर डाटा अपलोड जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में का सफल संचालन शिक्षक राहुल श्रीवास्तव नें किया। इस मौके पर कुलदीप तिवारी, सुनील आर्य, विशाल त्रिपाठी, रामनिवास आदि उपस्थिति रहे।

# ईद को लेकर प्रशासन सतर्क, क्षेत्राधिकारी नानपारा ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। आगामी ईद पर्व के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने रूपईडीहा क्षेत्र का दौरा कर प्रमुख धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने चकिया रोड स्थित ईदगाह एवं जामा मस्जिद रूपईडीहा पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जामा मस्जिद एवं ईदगाह के इमाम हाफिज कसीद से मुलाकात कर ईद की नमाज से संबंधित तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। क्षेत्राधिकारी ने इमाम से कहा कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा हो तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और शांतिपूर्ण तरीके से ईद का त्योहार संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी की त्वरित कार्रवाई से सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त

- जनसुनवाई में प्राप्त हुई शिकायत का तत्काल हुआ निस्तारण
- एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने राजस्व टीम को मौके पर भेज कर हटवाया कब्जा

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की जनसुनवाई में ग्राम खटीकन, परगना चर्दा, तहसील नानपारा निवासी सफीकन पुत्री घसीटे द्वारा इस आशय की शिकायत की गई कि गाटा संख्या 323, रकबा 0.111 हेक्टेयर भूमि, जो कि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज (सरकारी भूमि) है, उस पर ग्राम निवासी मेंराज पुत्र मकबूल द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई। राजस्व टीम की जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर सरकारी भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे को ध्वस्त करवा दिया गया और सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया तथा भूमि को कब्जा मुक्त कराकर पुनः सरकारी अभिलेखों के अनुसार सुरक्षित कराया गया। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी भूमि, चकमार्ग अथवा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों के संज्ञान में आने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जाय।

# मटेरा में मां कर्मा देवी जयंती पर भव्य आयोजन, हजारों की भीड़ ने बनाया यादगार

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। मटेरा स्थित तिलक इंटर कॉलेज परिसर में मां कर्मा देवी जयंती एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन एवं मां कर्मा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। आयोजन स्थल पर पारंपरिक एवं सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान इंजीनियर अविनाश साहू ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें विशाल माला पहनाई, चांदी का मुकुट अर्पित किया तथा सम्मान स्वरूप तलवार भेंट की। अपने संबोधन में मंत्री श्री पटेल ने अविनाश साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए, जिससे वे जनहित में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। उनके वक्तव्य पर उपस्थित लोगों ने जोरदार समर्थन जताया। समारोह में तेली समाज के लोगों का विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों के कारण आयोजन स्थल खचाखच भर गया और कई लोग बाहर खड़े होकर कार्यक्रम में शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज किशोर साहू एवं गोविंद प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में बबीता साहू, अमृत लाल साहू और डी.सी. गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं तथा मां कर्मा देवी की पूजा-अर्चना कर समाज की उन्नति, एकता और समृद्धि की कामना की।

# नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में बृहद टीकाकरण अभियान



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच।

नगर पंचायत रुपईडीहा के श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में खसरा, पोलियो, निमोनिया, मस्तिष्क ज्वर का लगा टीका। सुपरवाइजर सावित्री देवी के सुपरविजन में श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में एएनएम मीना देवी वह आशा बहु नेमा वर्मा सहित मंजू लता गुप्ता आंगनवाड़ी के द्वारा नगर पंचायत रुपईडीहा के बच्चों को खसरा दिमागी बुखार पोलियो निमोनिया आदि के टीके लगाए गए और बुखार से संबंधित पेरासिटामोल, विटामिन ए की दवाई वितरित की गई।

# मटेरा की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मंडल अध्यक्ष द्वारा की गई सीएमओ से शिकायत

**लैब टेक्नीशियन और नर्स द्वारा की जा रही उगाही, आए दिन मिल रही शिकायत**

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मटेरा में तैनात कर्मचारियों द्वारा क्षेत्रीय लोगों से स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर आए दिन वसूली की जा रही है। इसकी शिकायत क्षेत्र की जनता द्वारा मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ला जी को की गई। जिसका संज्ञान लेकर मंडल अध्यक्ष द्वारा एक पत्र जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखा गया है। लोगों की शिकायत यह भी है कि अस्पताल जाने पर चिकित्सा सुविधाओं के एवज में पैसे मांगे जाते हैं। पैसा ना देने पर सुविधा देने से इनकार कर दिया जाता है। कई महिलाओं की शिकायतें हैं कि लैब टेक्नीशियन द्वारा अभद्रता की जाती है और मौजूदा सरकार के बारे में भी उल्टा सीधा कहा जाता है। अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा सीधे मुंह मरीज से बात भी नहीं की जाती मंडल अध्यक्ष जी का कहना है कि उनको बीते तीन-चार महीने से लगातार शिकायतें मिल रही थी उन्होंने शिकायतों को लेकर पहले भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर बातचीत की लेकिन इसका भी नतीजा बे असर रहा। निम्नलिखित शिकायतें रिसिया अधीक्षक के भी संज्ञान में है। जांच के नाम पर खाना पूर्ति करके बाद में पैसा लेकर जांच बंद कर दी जाती है। खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है उच्च अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। कार्रवाई के नाम पर शून्यता है। ऐसे ही अधिकारियों और कर्मचारियों की वजह से मुख्यमंत्री द्वारा जीरो टॉलरेंस की बातों पर, सवाल उठ रहा है। मंडल अध्यक्ष द्वारा यह भी कहा गया कि अगर यह समस्या जल्द ही नहीं सही की गई तो वह इन समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री तक जाएंगे।

# महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, शव खेत में फेंका

**होली पर मायके आई थी, मोबाइल गायब, 12 साल पहले हुई थी शादी**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , होली पर अपने मायके आई एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर गेहूं के खेत में मिला है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के डेंगुरपुर गांव का है। मृतका की पहचान 26 वर्षीय रेखा, पत्नी मंशाराम और पुत्री सोमई के रूप में हुई है। आज सुबह ग्रामीण जब शौच के लिए खेत की ओर गए, तो उनकी नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के अलावा फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि रेखा रात में अपने घर में थी और वह कब बाहर निकली, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। मृतका का मोबाइल भी पुलिस को नहीं मिला है। सूत्रों के मुताबिक, महिला की हत्या कुल्हाड़ी से काटकर की गई है रेखा की शादी लगभग 12 वर्ष पहले हुई थी और उसके दो बच्चे भी हैं। वह होली के अवसर पर ही अपने मायके डेंगुरपुर आई हुई थी। पति ने बताया कि रात में उसकी पत्नी से बात हुई थी और सुबह साले का फोन आया कि घर आइए। जब मै घर पहुंचा तो जानकारी हुई। कोई विवाद भी मेरा पत्नी से नहीं था। अगर कोई विवाद हुआ भी होगा तो पत्नी के घर में हुआ होगा। पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 26 वर्षीय रेखा का शव गांव से डेढ़ सौ मीटर दूर संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला है। फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलित किए गए हैं।

# फायरिंग करने वाले दो गिरफ्तार

**पुरानी रंजिश में बाइक सवारों ने चलाई थी गोली, दो युवक हुए थे गंभीर घायल**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , रानीगंज थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमरेश त्रिपाठी उर्फ टिंकू और राज सिंह के रूप में हुई है। यह घटना ग्राम गंभीरपुर के पास हुई थी। पुलिस के अनुसार, रात करीब 8:30 बजे रानीगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम गंभीरपुर स्थित मस्जिद के पास दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद गोलीबारी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों पक्षों के कुछ लोग मोटरसाइकिलों से आए थे और आपसी विवाद के बाद उन्होंने एक-दूसरे पर असलहों से फायरिंग की। इस फायरिंग में अजमत अली उर्फ शोएब अली और रंजीत को गोली लगने से चोटें आईं। दोनों घायलों को उनके साथियों द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल प्रतापगढ़ भेजा गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 10 नामजद और 10 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि प्रशांत सिंह, आदित्य शर्मा, राज और रंजीत उर्फ मेजर हनीफ चौराहा (मेढौली) गए थे। वहां उनकी अजमत अली उर्फ शोएब अली, सरफराज उर्फ रावा, फैजल और उनके साथियों से पुरानी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जब वे गंभीरपुर की ओर से रानीगंज जा रहे थे, तो विपक्षी पक्ष ने उन्हें गंभीरपुर तिराहे के पास रोक लिया, जिससे विवाद बढ़ गया। इसी दौरान रंजीत उर्फ मेजर ने फायरिंग कर दी, जिसके बाद दोनों पक्षों से गोली चली। फायरिंग में रंजीत उर्फ मेजर के बाएं हाथ में गोली लगी और अजमत अली भी घायल हो गया।

# मां-बेटे की गला रेतकर हत्या, सिर कूचा

**निमार्णाधीन मकान में मिले लहूलुहान शव, जमीन विवाद में पड़ोसी पर आरोप**

अमन लेखनी समाचार



यूपी के प्रतापगढ़ में जमीन विवाद के चक्कर में मां-बेटे की सिर कूचरकर और धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। निमार्णाधीन मकान में दोनों के लहूलुहान शव पड़े मिले। घटना की जानकारी तक हुई, जब सुबह राजमिस्त्री शटरिंग खोलने के लिए पहुंचा। उसने दोनों के शव मकान के अंदर अलग-अलग चारपाई पर पड़े देखे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवाया। बताया जा रहा है कि अज्ञात हमलावरों ने रात में ही घर में घुसकर दोनों की हत्या कर दी थी। परिजनों का कहना है- पड़ोसी से पिछले तीन साल से मकान की जमीन को लेकर रंजिश चल रही थी। जिसका कोर्ट में मुकदमा भी चल रहा था। फिलहाल पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है और आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। घटना जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर अंतू थाना क्षेत्र की है। अंतू थाना क्षेत्र के पारा हमीदपुर गांव निवासी दिनेश मौर्या मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। गांव में उनकी पत्नी शिवपत्ती मौर्या (40) अपने सबसे छोटे बेटे अयान (12) के साथ रहती हैं। तीन बेटियां रुचि, अंशिका और रूबी प्रतापगढ़ शहर में रहती हैं। इनमें दो बेटियां मॉल में नौकरी करती हैं, जबकि तीसरी पढ़ाई कर रही है। भतीजी विनीता मौर्या ने बताया- मकान का पिछले करीब एक साल से निर्माण हो रहा था। चाचा और बहनें जो पैसा कमा रही थीं, उसी से मकान का अगला हिस्सा और छत बनवाई जा रही थी। 2 दिन पहले ही लिंटर डाला गया था। सुबह करीब 10:30 से 10:45 बजे के बीच राजमिस्त्री लिंटर की शटरिंग खोलने के लिए पहुंचा। काफी आवाज लगाने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। वह अंदर गया तो चाची और उनके बेटे के खून से लथपथ शव अलग-अलग चारपाई पर पड़े हुए थे।

## संक्षेप

### 1511 लाभार्थियों को मिले आवास स्वीकृति पत्र

**मुख्यमंत्री ने 90 हजार को भेजी पहली किस्त, मंत्री मलिक ने बांटे पत्र**

बागपत ,प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से 90 हजार लाभार्थियों को प्रथम किस्त की डीबीटी राशि वितरित की, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण विभाग केपी मलिक और जिलाधिकारी अस्मिता लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री केपी मलिक ने 15 लाभार्थियों को अपने हाथों से आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि बागपत जिले में अब तक कुल 1511 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत लाभ मिल चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में लगभग 900 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) के माध्यम से भेजी। इस राशि से लाभार्थी अपने घरों का निर्माण कार्य शुरू कर सकेंगे।राज्य मंत्री केपी मलिक ने इस अवसर पर कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर गरीब परिवार को पक्का घर उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना छत के न रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना को गरीबों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। इस कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, उप जिलाधिकारी एवं परियोजना अधिकारी मनीष यादव, एमएलसी प्रतिनिधि हरकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### शूटर दादी प्रकाशी तोमर की नाक की नस फटी

**खून ज्यादा बहने से बेहोश होकर गिरीं, नोएडा के हॉस्पिटल में चल रहा इलाज**

बागपत , मशहूर निशानेबाज शूटर दादी प्रकाशी तोमर की नाक की नस फट गई। घर का काम करते समय वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। घरवाले तुरंत उन्हें बड़ौत के हॉस्पिटल में ले गए। वहां से उन्हें नोएडा के कैलाश हॉस्पिटल भेज दिया गया। इस समय प्रकाशी तोमर के बेटे रामबीर और बेटी सीमा उनके साथ हैं। अंतर्राष्ट्रीय ट्रैप शूटर बेटी सीमा तोमर ने फोन पर बताया कि शनिवार की रात (14 मार्च) नाक की नस फटने से मां को भर्ती कराया गया है। बता दें, प्रकाशी तोमर के संघर्षों और उपलब्धियों पर बॉलीवुड फिल्म 'सांड की आंख' बनी है। बेटा बोला- खून बंद नहीं हुआ, बेहोश होकर गिरीं शूटर दादी के बेटे रामबीर सिंह ने बताया- शनिवार रात करीब 2 बजे अचानक मां की नाक से खून बहने लगा। काफी देर तक खून नहीं रुका और वह बोहोश होकर जमीन पर गिर गईं। हम लोग रात में ही उन्हें बड़ौत के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। आराम मिलने पर हम लोग उन्हें घर लेकर आ गए। रविवार सुबह फिर मां की नाक से खून बहना शुरू हो गया। इस पर हम लोग फिर उन्हें बड़ौत के अस्पताल में लेकर पहुंचे। लेकिन, इस बार खून रुक नहीं रहा था। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली ले जाने की सलाह दी।

# प्रधान डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी

## मेल भेजकर कहा- पास्पोर्ट ऑफिस में भी ब्लास्ट होगा, 19 साइनाइड गैस से भरे बम रखे है

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , प्रधान डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल करने वाले ने लिखा कि दोपहर में ब्लास्ट होगा। डॉकघर में बना पास्पोर्ट ऑफिस भी ब्लास्ट में उड़ जाएगा। प्रधान डाकघर की बिल्डिंग उड़ाने की धमकी आने के बाद खलबली मच गई। ब्लास्ट की धमकी की बात जैसे ही फैली डाकघर मे अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोग, कर्मचारी इमारत से तेजी से निकलने लगे। मामले की सूचना आला अफसरों तक पहुंची तो सभी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड टीम, क्यूआरटी मौके पर पहुंचकर छानबीन करने लगी। मेल करने वाले ने लिखा कि आपके पासपोर्ट, डाक परिसर और वॉशरूम में 19 साइनाइड गैस से भरे बम रखे गए हैं। जो दोपहर 2:10 बजे फटेंगे। सभी को तुरंत बाहर निकालें और नाक और मुंह ढक लें। अब पढ़िए भेजे गए मेल में क्या लिखा है. तमिलनाडु की समस्याओं को इंदौर तक लाने के तिए माफी चाहता हूं। तमिलनाडु के पत्रकार उदयनिधि के गुलाम है। जब किसी महिला के साथ कोई जालिम बलात्कार कर रहा होता है. तो वह मदद के लिए चीखाती है। पहले यह उन लोगों का ध्यान खींचने के लिए चीखती है जो उसकी मदद कर सकते हैं, और फिर वह बलात्कारियों द्वारा पहुंचाए गए असहनीय दर्द के कारण चीखती है। अब, जब उस महिला के साथ वह जालिम बलात्कार कर रहा हो, और उसी समय अगर पत्रकार और मीडियाकर्मी बनकर आए और जालिम भी उतनी ही जोर से चिल्लाने लगे, तो क्या पीड़ित की भी चीखें किसी को कभी सुनाई देंगी? तमिलनाडु में ठीक यहीं हो रहा है। मैं तमिलनाडु में तमिल महिलाओं के साथ हुए उन हजारों बलात्कार की बात नहीं कर रहा हूं, जिनकी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं हुई। मैं तो 'मां तमिलनाडु' के साथ हो रहे बलात्कार की बात कर रहा हूं। मीडियाकर्मियों को पैसे देकर मीडिया की जगह पर कब्जा किया जा रहा है, और सिर्फ दो ही बातें फैलाई जा रही है1 निकम्मी ऊटङ सरकार की तारीफें, या 2. उदपनिधि की आलोचना की कमजोर करने के लिए जोर-शोर मचाना। तमिलनाडु की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था बहुत सीधी-सादी है। जैसे अपने निजी स्वार्थ ठाले संगठनों के नाम पर विदेशी लुटेरे कुछ ट्रस्टों की भारी मात्रा में चंदा देते हैं। ये ट्रस्ट फिर तमिलनाडु में उन विदेशियों का एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। जिन ट्रस्टों को सबसे ज्यादा विदेशी चंदा मिला है, वे दी है मुरासोली ट्रस्ट और ऊटङ ट्रस्ट और इस समय, इन दोनों ट्रस्टों की कमान उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के हाथों में है। आज आपके पासपोर्ट ऑफिस डाकघर में हुआ धमाका हमारी ताकत का एक जीता-जागता सबूत है। अगर ऊटङ 2026 का चुनाव जीतती है, तो जीत के तोहफे के तौर पर उन्हें अपने परिवार का एक सदस्य खोना पड़ेगा।

# बेटे के सामने पत्नी को मार डाला

## मासूम पुलिस से बोला- पापा ने रात में मम्मी का गला दबाया, हमें डांटा

अमन लेखनी समाचार



संगीता देवी, मृतक | शैलेश कुमार, आरोपी

प्रयागराज, पति ने पत्नी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति डेडबॉडी छोड़कर फरार हो गया। वारदात की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने 6 साल के बेटे ने बताया- पापा रात में मम्मी का गला दबा रहे थे। मैं जगा तो मुझे डांटकर सो जाने को कहा। महिला की पहचान संगीता देवी (32) के रूप में हुई है, जो दो मासूम बच्चों की मां थी। घटना का कारण घरेलू कलेश बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वारदात सराय इनायत थाना क्षेत्र की है। पूरा मामला सराय इनायत थाना क्षेत्र के गांव पट्टीछीट का है। यहां शैलेश कुमार पत्नी संगीता के साथ रहता था। दोनों की 13 साल पहले शादी हुई थी। उसके दो बेटे शिवम (12 वर्ष) और सिद्धार्थ (6 वर्ष) हैं। संगीता देवी फूलपुर के शेखपुर मोहल्ले की रहने वाली थी और तीन बहनों में सबसे छोटी थी। मंगलवार देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ा तो पति ने पहले पत्नी का गला दबाया। इसके बाद धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। कमरे में चारों ओर खून के छींटे बिखर गए। मम्मी-पापा की आवाज सुनकर कमरे में सो रहे बच्चे जाग गए। बच्चों ने देखा कि पापा मम्मी का गला दबा रहे थे। दोनों बच्चे चिल्लाए तो पिता ने उन्हें डांटकर चुप करा दिया और सुला दिया। बुधवार सुबह करीब 5 बजे पड़ोसन अनुपमा राव खेत में काम के लिए संगीता को बुलाने पहुंची। काफी आवाज लगाने के बाद भी कोई बाहर नहीं निकला। कुछ देर बाद बच्चे रोते-चिल्लाते हुए घर से बाहर आए। अनुपमा अंदर गईं तो देखा संगीता जमीन पर पड़ी थी। उसके सिर पर चोट के निशान थे और जीभ बाहर निकली थी।शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही 112 पुलिस और सराय इनायत थाने की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मेरठ की बहनें कोरियन सिंगर बनने मुंबई भागी थीं

**मां बोलीं- यूट्यूब से 10 भाषाएं सीखीं, घर से कार ले गईं; होटल में मिलीं**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , गायब हुईं दो बहनों को पुलिस ने मुंबई से बरामद कर लिया है। पुलिस ने 3 दिनों तक दोनों बहनों की लोकेशन ट्रेस की। मुंबई के एक होटल में दोनों मिलीं। पुलिस उनको मेरठ वापस ले आई है। पूछताछ में बहनों ने बताया- वो कोरियन सिंगिंग शो का ऑडिशन देने मुंबई गई थीं। शो का फर्स्ट ऑडिशन ऑलरेडी क्लियर हो चुका था। सेकेंड ऑडिशन मुंबई में था। ऑडिशन देने ही दोनों बहनें बिना बताए मुंबई गई थीं। मां ने 10 मार्च को दोनों बेटियों के लापता होने की ऋकफ करवाई। पुलिस सर्च करते-करते मुंबई पहुंच गई। मां का कहना है- बेटियां 10 भाषाओं में गाना जानती हैं। कोरियन सिंगर बनना चाहती हैं। बिना बताए घर से गायब हो गई थीं। 3 दिन बाद 14 मार्च को पुलिस दोनों को लेकर वापस आई। मामला मेडिकल थानाक्षेत्र के शास्त्रीनगर का है। सबसे पहले पुलिस का पूरा सर्च ऑपरेशन पढ़िएङ्ख सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया- दोनों बच्चियों की मां की तरफ से 10 मार्च को मेडिकल थाने पर मिसिंग की शिकायत दी गई थी। दोनों घर से कार लेकर निकली थीं। एक बच्ची 16 साल और दूसरी बच्ची 18 साल की है। शिकायत मिलने पर तुरंत पुलिस टीमें सक्रिय हुईं। दोनों बहनों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस की गई, जो मुंबई मिली। अभिषेक तिवारी ने बताया कि लेडी ऑफिसर पूजा पवार के साथ चंद्रकांत व एक अन्य ऑफिसर की टीम को केस में लगाया गया।

चंद्रकांत पहले एक केस में मुंबई पुलिस की हेल्प कर चुके थे, इसलिए वो मुंबई पुलिस के टच में थे।

# दरोगा भर्ती परीक्षा पास कराने के नाम पर लाखों ठगे

## मेरठ में छात्र गिरफ्तार, अभ्यर्थियों से 3 लाख एडवांस लेकर पास कराने का देता था झांसा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , दरोगा भर्ती परीक्षा में पास कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक प्रतियोगी छात्र को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को परीक्षा पास कराने का झूठा भरोसा देकर उनसे बड़ी रकम वसूलता था। पुलिस ने उसके पास से कई अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र, दस्तावेज और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि कुछ लोग दरोगा भर्ती परीक्षा में पास कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मथुरा जिले के राया थाना क्षेत्र के हरौली गांव निवासी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। खुद प्रतियोगी छात्र बनकर करता था ठगी जांच में सामने आया कि आरोपी अनुज कुमार खुद भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। इसी का फायदा उठाकर वह अभ्यर्थियों को अपने झांसे में लेता था। उसने अपने साथी गोपाल रावत के साथ मिलकर कई अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने का लालच दिया था। तीन लाख एडवांस लेकर देता था भरोसा आरोपी अभ्यर्थियों से पहले तीन लाख रुपये एडवांस लेता था और परीक्षा पास होने के बाद बाकी रकम देने की बात करता था। कुछ मामलों में उसने अभ्यर्थियों से शैक्षिक प्रमाण पत्र, फोटो और अन्य दस्तावेज भी लिए थे। वह उन्हें भरोसा दिलाता था कि उसके पास परीक्षा से जुड़ी अंदरूनी जानकारी है और वह उन्हें पास करवा सकता है। मोबाइल जांच में मिले अहम साक्ष्य गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, कई अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। मोबाइल की जांच में अभ्यर्थियों से हुई बातचीत और लेन-देन से जुड़े कई अहम साक्ष्य भी मिले हैं। अन्य साथियों की तलाश में जुटी पुलिस पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी के अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने कई अभ्यर्थियों को इसी तरह परीक्षा पास कराने का झांसा दिया था।

# आउट ऑफ स्टॉक हुए इंडेक्शन चूल्हे

**लोग गैस का विकल्प ढूंढ रहे, होलसेल दुकानदारों ने बढ़ाए इलेक्ट्रिक सामानों के दाम**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , एलपीजी गैस की किल्लत का असर अब घरेलू उपकरणों के बाजार पर भी दिखने लगा है। गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिलने और ब्लैक में महंगा मिलने की शिकायतों के बीच लोगों ने इंडक्शन चूल्हों की ओर रुख करना शुरू कर दिया लेकिन इसमें भी अचानक बढ़ी मांग के कारण शहर में दुकानों पर इंडक्शन चूल्हों की कमी होने लगी है। मेरठ के बेगमपुल पर इलेक्ट्रोनिक की दुकान चलाने वाले मुकुल सिंहल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री तेजी से बढ़ी है। लेकिन सप्लाई उतनी नहीं हो पा रही है, जिससे स्टॉक जल्दी खत्म हो रहा है। कई दुकानों पर तो ग्राहकों को इंतजार करने के लिए भी कहा जा रहा है।पहले जहां इंडक्शन चूल्हे आसानी से उपलब्ध हो जाते थे, वहीं अब होलसेल डीलरों ने भी कीमतें बढ़ा दी हैं। इसके चलते खुदरा बाजार में भी दाम बढ़ने लगे हैं। इसका असर आम ग्राहको पर भी आ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक सामान के व्यापारियों का कहना है कि एलपीजी संकट के कारण छात्र, हॉस्टल में रहने वाले युवा और छोटे परिवार इंडक्शन चूल्हों की खरीद ज्यादा कर रहे हैं। कुछ लोग अस्थायी तौर पर खाना बनाने के लिए भी इंडक्शन खरीद रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि यदि गैस की सप्लाई जल्द सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग और बढ़ सकती है। इससे बाजार में दाम और बढ़ने की संभावना भी जताई जा रही है। विकल्प ढूंढ रहे लोग गैस की किल्लत के बीच परेशानी से बचने और इमरजेंसी में इस्तेमाल करने के लिए भीर बहुत से लोग इस प्रकार के उपकरण खरीद रहे हैं।

# छुट्टी नहीं देने पर बैंक मैनेजर की हत्या

## ऑफिस के अंदर गार्ड ने सीने में गोली मारी, राइफल लेकर भागा

अमन लेखनी समाचार



अभिषेक शर्मा, मृतक

गाजियाबाद ,पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर अभिषेक शर्मा (34 साल) की गार्ड ने गोली मारकर हत्या कर दी। वह बिहार के रहने वाले थे। गार्ड रवींद्र कई दिनों से मैनेजर अभिषेक से छुट्टी मांग रहा था। दोपहर करीब 1:45 बजे वह मैनेजर के पास पहुंचा। जहां छुट्टी को लेकर अभिषेक शर्मा से उसका विवाद हो गया। इसी बीच रवींद्र ने बंदूक से उनकी छाती पर गोली मार दी। अभिषेक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। बैंक में अचानक फायरिंग से लोग दहशत में आ गए। इसी बीच आरोपी गार्ड अपने एक अन्य साथी के साथ मौके से भाग निकला। बैंक स्टाफ ने मैनेजर को बाइक से दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना से जुड़ा बैंक के गेट का एक उउळश सामने आया है, जिसमें गार्ड अपने साथी के साथ दिख रहा था। उसके भागने के कुछ मिनट बाद बैंक मैनेजर को लोग उठाकर ले जाते दिखे। वारदात लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बलराम नगर इलाके की है। मामले में अउढ ज्ञान प्रकाश राय ने बताया, गाजियाबाद में पत्नी के साथ रहते थे अभिषेक बैंक मैनेजर अभिषेक शर्मा बिहार में पटना के लखीपुर के रहने वाले थे। अगस्त, 2025 से वह गाजियाबाद में पत्नी के साथ किराए पर रह रहे थे। इस समय पत्नी बिहार में है। घटना की जानकारी दी गई है। परिवार गाजियाबाद आ रहा है। बैंक मैनेजर ने फोन पर फटकार लगाई थी बैंक कर्मियों के अनुसार, रविवार को बैंक में छुट्टी थी, लेकिन गार्ड सुबह भी ड्यूटी पर नहीं आया। इस पर मैनेजर अभिषेक शर्मा ने उसे फोन किया ड्यूटी पर न आने का कारण पूछते हुए फटकार लगाई थी। गार्ड ने जवाब दिया कि कुछ इमरजेंसी आ गई है। इसलिए आज नहीं आ सकता हूं। अभिषेक ने कहा कि तुरंत बैंक आओ। रवींद्र गुस्से में दोपहर डेढ़ बजे अपने एक साथी के साथ बाइक से बैंक पहुंचा। उसने साथी को बैंक के बाहर खड़ा कर दिया। फिर अंदर जाकर उसने बैंक में जमा अपनी लाइसेंसी बंदूक ली। इसके बाद वह सीधे बैंक मैनेजर के पास पहुंचकर झगड़ने लगा। घटना के समय बैंक में मैनेजर समेत पांच कर्मचारी काम कर रहे थे। जब तक अन्य कर्मचारी कुछ समझ पाते, तब तक गार्ड ने मैनेजर के सीने में गोली मार दी।

# एलपीजी सिलेंडर की किल्लत पर सपा का विरोध प्रदर्शन

## सरकार-प्रशासन के दावों को बताया झूठा, ब्लैक में बिकने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , समाजवादी पार्टी (सपा) ने एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार और जिला प्रशासन के पर्याप्त सिलेंडर होने के दावे झूठे हैं, और सिलेंडर कालाबाजारी में बेचे जा रहे हैं। सपा के जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गूमी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कमिश्नरी पार्क में एकत्र हुए। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च किया और भाजपा विरोधी नारे लगाए। गरीबों को लाइन में लगवाने का काम कर रही भाजपा सपा नेताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले नोटबंदी और ऑक्सीजन के लिए लोगों को लाइनों में लगाया गया, अब गरीबों को सिलेंडर के लिए कतारों में खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन के पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर होने के दावों को भी हकीकत से परे बताया। पार्टी कार्यकताओं ने कहा कि जिला प्रशासन भले ही पर्याप्त स्टॉक होने का दावा कर रहा हो, लेकिन शहर में कई एजेंसियों पर लंबी कतारें दिख रही हैं और आम जनता को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि स्टॉक पर्याप्त है, तो घरों तक सिलेंडर क्यों नहीं पहुंच रहे हैं। प्रशासन का दावा पर्याप्त मात्रा स्टॉक सपा नेताओं ने यह भी उल्लेख किया कि जिला प्रशासन उन लोगों पर भ्रम फैलाने का आरोप लगा रहा है जो सिलेंडर की कमी की बात कर रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि वाणिज्यिक सिलेंडरों की भी नियमित आपूर्ति हो रही है और कोई दिक्कत नहीं है। प्रदर्शन के दौरान, समाजवादी पार्टी ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतें कम करने, किल्लत दूर करने और कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इस दौरान कर्मवीर सिंह, किशन जाटव, संगीता राहुल, नेहा, दानिश, सलमान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुंदर भाटी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**मुठभेड़ के बाद पकड़े गए, बड़ी वारदात की तैयारी थी**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में पुलिस और अपराध शाखा गौतमबुद्धनगर की संयुक्त कार्रवाई में सुंदर भाटी गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। तड़के यमुना पुस्ता, ग्राम घरबरा के पास हुई मुठभेड़ के बाद इन्हें पकड़ा गया। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि शासन द्वारा चिन्हित सुंदर भाटी गिरोह के दो सदस्य किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस और अपराध शाखा की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने धर्मेंद्र उर्फ डीके (निवासी कमबक्शपुर, थाना नॉलेजपार्क, गौतमबुद्धनगर) और अर्जुन (निवासी पटपड़गंज, वाल्मीकि कॉलोनी, थाना पांडवनगर, दिल्ली) को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक .32 बोर की अवैध पिस्टल, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस (.32 बोर) तथा एक .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस (.315 बोर) बरामद हुए हैं।



# ढाबे पर खाने के बिल के लिए मारपीट

## ग्रेटर नोएडा में दबंगों ने कर्मचारियों को पीटा, पूरी घटना सीसीटीवी में कैद

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में खाने के बिल को लेकर हुए विवाद में ढाबे के कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। घटना रेलवे रोड स्थित प्रिंस ढाबे पर हुई, जहां 8 से 10 दबंगों ने कर्मचारियों को पीटा और धमकी देकर फरार हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, शिव वाटिका निवासी रमेश का रेलवे रोड पर प्रिंस ढाबा है। रात करीब 11 बजे कुछ लोग ढाबे से खाना पैक करवाकर जा रहे थे। उनका बिल 900 रुपए बना था। जब कर्मचारियों ने उनसे खाने के पैसे मांगे, तो इन लोगों ने विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज की। कुछ ही देर में उन्होंने कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। दबंगों ने लोहे की रॉड से भी हमला किया।मारपीट के बाद, दबंग कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।यह पूरी घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह दबंग ढाबे के कर्मचारियों को पीट रहे हैं। मामले की शिकायत मिलने के बाद दादरी पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# नोएडा अग्निकांड: फैक्ट्री में फंसे कर्मी का शव बरामद

## स्टोर में कर रहा था काम, तीन दिन से थी तलाश, 35 कर्मचारी हुए थे घायल

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , बिजली मीटर बनाने वाली एक फैक्ट्री में चार दिन पहले भीषण आग लगी थी। फैक्ट्री में काम कर रहे 200 से ज्यादा कर्मचारियों ने भागकर जान बचाई, लेकिन करीब 35 कर्मचारी अंदर फंस गए थे। सभी को बाहर निकालने और किसी के फंसे नहीं होने का दावा दमकल विभाग ने किया था। रविवार देर रात तक कंपनी की साफ-सफाई की गई। इस दौरान एक कर्मी उपेंद्र का शव जली अवस्था में मिला। चार दिन पहले हरौला निवासी सरवन ने बताया कि उनका बेटा उपेंद्र फैक्टरी के स्टोर में काम करता था। वह बुधवार रात ड्यूटी करने गया था। इसके बाद से घर नहीं लौटा। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल रहा था। रात को फैक्ट्री में पूरी तरह से आग पर काबू पाया जा सका। जिसके बाद कंपनी से मलबा निकालना शुरू किया गया। स्टोर रूम से मलबा निकालते समय रविवार रात को उपेंद्र का शव मिला। परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। इस आग को बुझाने में करीब 37 फायर टेंडर 20 लाख लीटर पानी लगा। आग इतनी तेज थी कि कई लोगों ने फैक्ट्री के फ्लोर से कूदकर अपनी जान बचाई।

## संक्षेप

### झांसी में अवैध बालू खनन पर उठे बड़े सवाल, बेतवा नदी पर खतरा

#### कुकरगांव बालू घाट पर प्रतिबंधित मशीनों द्वारा अवैध खनन जारी

अमन लेखनी समाचार

झांसी। झांसी जिले में इन दिनों अवैध बालू खनन चर्चा का बड़ा विषय बना हुआ है। आरोप है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (ठऋळ) के नियमों की अनदेखी करते हुए बेतवा नदी से बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है। मामला टहरौली तहसील के कुकरगांव बालू खंड का बताया जा रहा है, जहां पोकलैंड मशीनों और अन्य भारी उपकरणों से नदी की गहराई (30-40 फीट तक) से बालू निकाले जाने के आरोप हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इससे नदी की प्राकृतिक धारा प्रभावित हो रही है और मशीनों से हो रहे तेल रिसाव के कारण जलीय जीवों पर भी संकट मंडरा रहा है। इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं—क्या खनन नियमों के तहत हो रहा है या फिर बालू माफिया की मनमानी चल रही है? बेतवा नदी, जिसे बुंदेलखंड की जीवनदायिनी कहा जाता है, पर इस तरह का खनन भविष्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या ठोस कार्रवाई करता है या मामला यूं ही दबा रह जाता है।

### महिला ग्राम प्रधान गोड़्या खुर्द ने विकास की नई इबादत को रचा, विपक्ष के आरोप निराधार

चित्रकूट। मऊ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत की महिला प्रकोष्ठ से प्रधान जानकी देवी पांडे ने विकास की नई इबादत को रचा है। अभी पूर्व में ग्राम के भूतपूर्व प्रधान ने विपक्षियों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत में लाखों भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे जो की जांच पड़ताल करने पर आरोप निराधार साबित हुए। ग्राम प्रधान पति भीम पांडे ने अपने पत्नी के साथ मिलकर के ग्राम पंचायत के 17 मदों में विकास की नई इबादतों को अंजाम दिया। ग्राम पंचायत में 5 वर्ष लगभग पूरे होने को हैं ग्राम प्रधान पति भीम पांडे ने गांव का सर्वांगीण विकास किया है।

# झांसी: मनरेगा में फेस हाजिरी की समस्या और लंबित भुगतान को लेकर ग्राम प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



झांसी। मनरेगा कार्यों में फेस हाजिरी प्रणाली से आ रही दिक्कतों और पक्के कार्यों के लंबित भुगतान को लेकर राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा के अंतर्गत लागू की गई फेस हाजिरी प्रणाली सही तरीके से काम नहीं कर पा रही है। कभी ऐप काम नहीं करता, तो कभी मजदूरों का चेहरा सिस्टम में कैप्चर नहीं हो पाता, जिससे उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती। इस वजह से मजदूरों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि वे कार्यस्थल पर आने के बाद भी मजदूरी से वंचित रह जाते हैं और दूसरी जगह काम करने भी नहीं जा पाते। प्रधान संगठन ने यह भी बताया कि मनरेगा के तहत किए गए पक्के कार्यों का भुगतान पिछले वर्ष से लंबित है, जिससे ग्राम प्रधानों को आर्थिक और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने मांग की कि पूर्व की व्यवस्था के अनुसार हाजिरी दर्ज करने की प्रक्रिया फिर से लागू की जाए, ताकि कार्य सुचारु रूप से चल सकें और मजदूरों को समय पर भुगतान मिल सके। इसके अलावा, बंगरा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सफाई कर्मचारियों की तैनाती की मांग उठाई गई। साथ ही 2 दिसंबर 2023 को तहसील परिसर मऊरानीपुर में ग्राम पंचायत घाट लहचूरा के लाभार्थियों को दिए गए आवासीय पट्टों के हस्ताक्षरों की जांच कराने की भी मांग की गई। ग्राम प्रधान ककरवारा सर्वेश राय ने लेखपाल पर पंचायत कार्यों में रुचि न लेने का आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान मंडल अध्यक्ष प्रदीप टांडा, जिला अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह राजपूत, मंडल महासचिव अतर सिंह दागी, मऊरानीपुर/ककरवारा ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश राय, गुरसराय ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह परमार, बामोर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक अहिरवार, मोठ ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत राजपूत, चिरगांव ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह दांगी, बड़ागांव ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ यादव, बंगरा ब्लॉक अध्यक्ष पर्वत कुशवाहा, बबीना ब्लॉक अध्यक्ष मोनू सिंह, प्रधान चकारा अक्की राजा, प्रधान प्रतिनिधि दीपक मिश्रा, प्रधान मोहनलाल भारती, प्रधान सकरार शिरोमणि राजपूत, प्रधान भूपनगर कृपेंद्र पटेल, प्रधान धमनापायक देवेंद्र खरे, प्रधान वीरा विपिन राजपूत, प्रधान प्रतिनिधि बरोरी रोशन लाल पाल, प्रधान गुलारा सहित अन्य ग्राम प्रधान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संकुल सिमरधा की शिक्षक बैठक के साथ सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

अमन लेखनी समाचार




गरौठा (झांसी)। उच्च प्राथमिक विद्यालय खेरी, ब्लॉक गुरसरांय में संकुल सिमरधा की मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की अलग-अलग बैठकें एजेंडे के अनुसार संपन्न हुईं। बैठक के दौरान आगामी शैक्षिक सत्र में नामांकन बढ़ाने तथा बच्चों के बेहतर पठन-पाठन पर विशेष चर्चा की गई। शिक्षकों को रेमेडियल शिक्षण, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास एवं स्टेम किट के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही टीएलएम (शिक्षण सहायक सामग्री) के उपयोग पर विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षकों द्वारा प्रस्तुतीकरण भी दिए गए। शिक्षण योजनाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया गया। वर्तमान सत्र की परीक्षाओं के मूल्यांकन के बाद परीक्षाफल घोषित करने तथा मेगा पीटीएम आयोजित कर अभिभावकों एवं छात्राओं को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत संकुल सिमरधा से सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक शहाबुद्दीन सिद्दीकी एवं हरचरण कुशवाहा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपुल शिव सागर एवं खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार लाक्षाकार ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को माल्यार्पण कर शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एआरपी आदर्श द्विवेदी, प्रदीप सिंह, शिक्षण संकुल रामपाल सिंह यादव, सुधीर गौतम सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज पटेल द्वारा किया गया।

# नगर पंचायत गरौठा में मनोनीत पार्षदों का हुआ भव्य स्वागत



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। नगर पंचायत गरौठा में शासन द्वारा मनोनीत पार्षदों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा सहित सभी पार्षदों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर शासन द्वारा मनोनीत पार्षद कैलाश सोनी एवं प्रवीण खटीक का फूल-माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने दोनों नव-नामित पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। समारोह में प्रवेंद्र चौहान (प्रधान), गोविंद नारायण गुप्ता, अनुराग उपाध्याय, अनिल तिवारी (जखौरा), आलोक पाण्डेय, राममोहन दुबे, नितिन मिश्रा, पार्षद दीपक गुप्ता, पार्षद फजल खान, पार्षद राजेंद्र अहिरवार, पार्षद भारती अग्रवाल, पार्षद चंद्रभान एवं पार्षद संजय आर्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# काशीनाथ के नेतृत्व में हिंदू नव वर्ष के स्वागत में भव्य बाइक रैली का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद के नगर पंचायत परतावल में चैत्र रामनवमी की पूर्व संध्या पर हिंदू नव वर्ष के स्वागत को लेकर जबरदस्त उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूर्व जिला पंचायत सदस्य व सांसद प्रतिनिधि काशीनाथ सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत परतावल के आजाद नगर स्थित उनके आवास से भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों युवाओं व कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया रैली आजाद नगर से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस, परतावल बाजार, बभनौली, परतावल चौराहा, छातिराम, हॉस्पिटल रोड, नौरंगा टोला, तिवारी टोला सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर का व्यापक भ्रमण कर पुनः आवास पर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लवंदे मातरम्ह्व, ह्लजय श्री रामह्व, ह्लहर हर महादेवह्व और ह्लनव वर्ष मंगलमय होह्व जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। परतावल चौराहे पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए काशीनाथ सिंह ने कहा कि 19 मार्च को चैत्र रामनवमी के साथ विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ हो रहा है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि इसी पावन तिथि पर भगवान श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौटे थे। साथ ही यह दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. बलिराम हेडगेवार के जन्मदिवस के रूप में भी मनाया जाता है तथा पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सृष्टि की रचना भी इसी दिन ब्रह्मा जी द्वारा की गई थी। रैली के माध्यम से कार्यकताओं ने नगरवासियों को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरूकता और राष्ट्रभावना का संदेश दिया। इस दौरान विजय जायसवाल, राजन वर्मा, बलराम गुप्ता, रवि राणा, संदीप रंजन, रमेश मोदनवाल, गंगाधर पांडेय, मुकुल शर्मा, संजय जायसवाल, जगदीश तिवारी, टुनटुन चौधरी, सोहन चौधरी, आदर्श यादव, शनि साहनी, शीत जायसवाल, विनय सिंह, प्रमोद चौधरी, राहुल, सूरज शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में हिंदू युवा वाहिनी एवं भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे

# गरौठा में अवैध खनन पर कार्रवाई, बालू से लदे दो ट्रैक्टर सीज



अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस व प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो बालू से लदे ट्रैक्टरों को पकड़कर सीज कर दिया। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, बीती रात अवैध खनन की सूचना मिलने पर कोतवाली गरौठा पुलिस एवं तहसील प्रशासन की टीम ने सिमरधा रोड पर संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम को दो ट्रैक्टर संदिग्ध अवस्था में नजर आए, जिनमें बालू लदी हुई थी। टीम द्वारा ट्रैक्टरों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक मौके से भागने लगे। इस पर पुलिस व प्रशासन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों ट्रैक्टरों का पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद दोनों ट्रैक्टरों को कोतवाली गरौठा लाकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सीज कर दिया गया। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस तरह के मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# वाहन विभाग की बैठक में नगर आयुक्त सख्त, 7 दिन में सभी बड़े वाहनों का बीमा अनिवार्य

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने वाहन विभाग की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने वाहनों के बीमा कार्य में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि अगले 7 दिनों के भीतर सभी बड़े वाहनों— जैसे पोकलेन, जेसीबी, डंपर, डीसीएम आदि—का बीमा रिन्यूअल कराया जाए तथा नए वाहनों का भी तत्काल बीमा सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही नगर निगम के सभी विभागों—निर्माण, जलकल एवं स्वास्थ्य—को अपने-अपने वाहनों की इन्वेंटरी तैयार कर 100 प्रतिशत बीमा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि वाहन विभाग में संचालित करीब 609 वाहनों का डेटा पूर्ण रूप से अपडेट रखा जाए। प्रत्येक वाहन का यूनिक आईडी नंबर एवं एप्लीकेशन तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि एक क्लिक पर वाहन से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध हो सके।

# दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार

चोपन/ सोनभद्र। नगर स्थित रेलवे इंटर कॉलेज में चल रहे भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का बुधवार को विधिवत समापन हो गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष नंद लाल गुप्ता ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और विचारधारा के प्रति समर्पण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और कार्यकताओं को इन्हीं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ दिलाने का कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में पार्टी की रीति-नीति, संगठन की कार्यपद्धति, बूथ सशक्तिकरण, सोशल मीडिया की भूमिका, चुनाव प्रबंधन तथा जनसंपर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। वक्ताओं ने कार्यकताओं को अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर मौजूद पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण महाअभियान को सफल बताते हुए कहा कि इससे कार्यकताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है, जो आगामी चुनावों में पार्टी के लिए लाभकारी सिद्ध होगा संचालन मंडल महामंत्री विकास चौबे ने किया इस अवसर पर रामलखन सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद, जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, वर्ग प्रभारी बृजेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष तेजवंत पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रहरी पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौबे, प्रदीप अग्रवाल, राजन जायसवाल, रामप्रताप केंवट, धर्मेंद्र जायसवाल, बृजेश पाण्डेय मीनू चौबे, राहूल सिंह, मिथलेश केशरी, रामकुमार सोनी, हिमांशु प्रियदर्शी, पवित्र जायसवाल शक्ति केंद्र संयोजक, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वसई विरार गुजरात गैस पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़के जल्द बनेगी - समाज सेवक सचिन चौबे

अमन लेखनी समाचार

वसई । वसई विरार मनपा के वार्ड क्रमांक 15 अंतर्गत आने वाले संयुक्ता नगर से अलकापुरी सड़क पर किए गए गुजरात गैस पाईपलाईन बिछाने के कार्य के कारण सड़कें खोदी गई है ।इस वजह से सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं और नागरिकों को अपने दैनिक आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उस रास्ते से गुजरने वाले आम नागरिकों के लिए दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्थानीय समाज सेवक सचिन चौबे ने इस खुदे हुए रोड को लेकर लगातार शिकायत करते रहे लेकिन जल्द काम होने का आश्वासन तो मिला, लेकिन समस्या आज भी जस के तस बनी हुई हैं। इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए प्रभाग क्रमांक 15 की नवनिर्वाचित नगरसेविका रितु सचिन चौबे ने इस संदर्भ में मनपा अधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल समस्या का हल निकालने की मांग की थी। जिसका लिखित जवाब देते हुए मनपा ने कहा है कि, गुजरात गैस लिमिटेड द्वारा खोदी गई सड़कों की मरम्मत का दायित्व मनपा का है। लेकिन गुजरात गैस लिमिटेड के माध्यम से गैस पाइपलाइन का काम अधूरा है, इसलिए मनपा सड़कों की मरम्मत का काम करने में असमर्थ है। गुजरात गैस लिमिटेड को दिनांक 11/02/2026 के पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया है और उनके द्वारा काम पूरा होने के बाद, मनपा के माध्यम से सड़क मरम्मत का काम तुरंत किया जाएगा।


# कार्यालय - जिला पंचायत, उन्नाव

**पुनः अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

**पत्रांक: 171/सा०नि०/जि०पं०उ०/2025-26**

**दिनांक 17/3/26**

कार्यालय पत्र संख्या- 109 / सा०नि०/ जि०पं०उ0/2025-26 दिनांक 17.01.2026 एवं कार्यालय पत्र संख्या-112/सा०नि०/जि०पं०उ0/2025-26 दिनांक 19.01.2026 द्वारा उत्तर प्रदेश की समस्त जिला पंचायतों, लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश व सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिनके हेतु पर्याप्त वैध निविदायें प्राप्त न होने के कारण पुनः ई-निविदा के वेसाइट https://etender.up.nic.in पर पुनः अल्पकालिक ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| कमांक | सूचना का प्रकार | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | समाचार पत्रों में निविदा सूचना के जारी करने की तिथि | 19.03.2026 |
| 2 | ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा प्रकाशित करने की तिथि | 20.03.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे से |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड / अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 20.03.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे से |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड / अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 27.03.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक |
| 5 | तकनीकी निविदा का मूल्यांकन (Technical Bid) | 27.03.2026 को अपरान्ह 11:30 बजे से |
| 6 | वित्तीय निविदा का मूल्यांकन (Financial Bid) | तकनीकी निविदा खोले जाने के पश्चात |
| 7 | निविदा के लिए आवश्यक मूल अभिलेख जमा करने की अन्तिम तिथि | वित्तीय बिड खोले जाने के पश्चात |

विस्तृत विवरण ई०निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in व unno.up.nic.in पर अथवा कित्ती भी कार्य दिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड व कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(अक्षय कुमार)
अभियन्ता
जिला पंचायत, उन्नाव

(ओम प्रकाश सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, उन्नाव

(शकुन सिंह)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, उन्नाव।


# रामोत्सव कार्यक्रम तीन दिवसीय दुगार्भूषण उपवन नाको में संपन्न

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। गुप्तकाशी विकास परिषद उत्तर प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ (संस्कृति विभाग,उ.प्र.)के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय रामोत्सव का आयोजन धर्मग्राम नाको के दुगार्भूषण उपवन में किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के विख्यात साहित्यकार पंडित पारसनाथ मिश्र एवं अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि पंडित जगदीश पंथी ने किया भूपेश चौबे विधायक सदर, रॉबर्ट्सगंज के संरक्षकत्व में कार्यक्रम का संचालन गुप्त काशी विकास परिषद के अध्यक्ष पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी व साहित्यकार अजय चतुर्वेदी कक्का ने किया ।रामोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ (संस्कृति विभाग,उ.प्र.) के कलाकार पंडित ओमप्रकाश मिश्रा के टीम द्वारा पूजनोत्सव पश्चात चौबीस घंटे अखंड रामायण पाठ से प्रारंभ हुआ तत्पश्चात संस्थान के द्वारा ही भेजे गए कलाकार शुभम त्रिपाठी के टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अंतिम चरण में राष्ट्रीय कवि जगदीश पंथी के टीम द्वारा काव्य गोष्ठी में कविता पाठ किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित पारसनाथ मिश्र साहित्यकार ने कहा कि राम स्वयं एक जीवन दृष्टि हैं. वह अपनी कृपा-दृष्टि भर से सब कुछ सही कर देने का दावा नहीं करते, बल्कि अपने मर्यादित पौरुष से सब कुछ संभालने की कला सिखाते हैं. विवेकानंद जी ने कहा था, ह्यअगर ईश्वर मनुष्य बन सकता है तो किसी दिन मनुष्य भी अवश्य ही ईश्वर बनेगा.

# विद्युत उपकेंद्र खड़ैनी से जुड़े सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित




अमन लेखनी समाचार

गरौठा। खड़ैनी और बामौर क्षेत्र में 19 और 20 मार्च को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता शिवगोपाल विश्वकर्मा ने बताया कि खड़ैनी विद्युत उपकेंद्र पर अनुरक्षण कार्य के कारण सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक बिजली नहीं मिलेगी। अनुरक्षण कार्य के तहत 33 केवी सीटी बदलने और नया 33 केवी ब्रेकर स्थापित करने का काम किया जाएगा। इस कार्य के चलते उपकेंद्र खड़ैनी से जुड़े सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। अवर अभियंता ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय में होने वाली असुविधा से बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

## हॉलीवुड मसाला




## ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून' के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।




## ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रियंका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोड़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



## फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



## तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

## टीवी मसाला

### कॉमेडी और ड्रामे का नया ट्विस्ट

**मुंबई।** भाबीजी घर पर हैं और घरवाली पेड़वाली के आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को हंसी, गलतफहमियों और दिलचस्प ड्रामे का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिलेगा। 'घरवाली पेड़वाली' में सावी (सीरत कपूर) जीतू का ध्यान पाने के लिए नकली प्रेगनेंसी का नाटक करती है, लेकिन उसका राज खुलने पर कहानी में नया मोड़ आता है। वहीं लतिका इस मौके का फायदा उठाकर जीतू का भरोसा वापस पाने की कोशिश करती है। दूसरी ओर 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी (शिल्पा शिंदे) और विभूति के बीच मजेदार घटनाएं देखने को मिलेंगी, जहां विभूति 'स्वीटू' बनकर तिवारी के रिसॉर्ट में मुफ्त में रहने की चाल चलता है। बैडमिंटन कोचिंग के बहाने कई हास्यपूर्ण स्थितियां बनती हैं और अंत में उसके भेद खुलने का खतरा मंडराता है। ये दोनों शो सोमवार से शुक्रवार रात 10:00 बजे और 10:30 बजे एण्डटीवी पर प्रसारित होंगे, जबकि दर्शक इन्हें ZEE5 पर कभी भी देख सकते हैं।



### 'गणेश कार्तिकेय' में शिव-पार्वती की भूमिका ने बदली कलाकारों की सोच

**मुंबई।** सोनी सब के पौराणिक धारावाहिक गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव और देवी पार्वती की कहानी दर्शकों को खूब आकर्षित कर रही है। इस शो में शिव का किरदार निभा रहे अविनेश रेखी और पार्वती की भूमिका में श्रेणु पारिख ने अपने अनुभव साझा किए। अविनेश रेखी ने बताया कि शिव का किरदार निभाने से उनके जीवन में शांति, धैर्य और संतुलन बढ़ा है, जिससे वे कठिन परिस्थितियों का सामना पहले से अधिक सहजता से कर पा रहे हैं। वहीं श्रेणु पारिख ने कहा कि पार्वती, सती और काली जैसे रूपों को निभाते हुए उन्हें स्त्री के विभिन्न पहलुओं—ममता, समर्पण और शक्ति—को गहराई से समझने का अवसर मिला। यह शो दर्शकों को शिव परिवार की प्रेरणादायी कथा से जोड़ता है और हर सोमवार से शनिवार रात 8 बजे प्रसारित किया जाता है।



### कलाकारों ने साझा की गुड़ी पड़वा की खुशियां



**मुंबई।** गुड़ी पड़वा के अवसर पर सोनी सब के कलाकारों में उत्साह और उल्लास देखने को मिला। अक्षया हिंदालकर, श्रेणु पारिख, ऋषि सक्सेना, दीक्षा जोशी और रजत वर्मा ने इस पर्व से जुड़ी अपनी खास यादें और परंपराएं साझा कीं। कलाकारों ने बताया कि गुड़ी पड़वा उनके लिए नई शुरुआत, सकारात्मकता और परिवार के साथ बिताए खास पलों का प्रतीक है। किसी के लिए यह शादी के बाद पहला त्यौहार है, तो किसी के लिए अलग संस्कृति को अपनाने का अनुभव। सभी ने घर सजाने, पकवान बनाने और अपनों के साथ मिलकर इस पर्व को मनाने की खुशियों को खास बताया। दर्शकों से अपील की गई कि वे इत्ती सी खुशी, गणेश कार्तिकेय और पुष्पा इम्पॉसिबल जैसे धारावाहिकों का आनंद लेते रहें, जो परिवार और परंपराओं से जुड़े संदेश प्रस्तुत करते हैं।



## सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है। गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

## आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...



**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों मे कोई ऐसी बड़ी फिल्म नही है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्मे और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन है। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**प्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'प्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***इंपरफेक्ट वुमन :*** *'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

***रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :*** *'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील मे हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

***अमोर एनिमल :*** *वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना ग्लिकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*